हिन्दी दैनिक/डिजिटल

# स्टार एक्सप्रेस

सोच..... बदलते भारत की

www.starexpress.news



## संक्षिप्त समाचार

### राहुल को नोटिस देने के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर

(एजेंसी) नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में रविवार को भारी ड्रामा देखने को मिला, जब दिल्ली पुलिस ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को श्रीनगर में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान दिए गए उनके भाषण को लेकर नोटिस दिया, जिसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर आए। उनमें से कुछ को पुलिस ने शहर की कानून व्यवस्था बिगाड़ने के आरोप में हिरासत में लिया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को कश्मीर में उनकी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान महिलाओं पर उत्पीड़न के संबंध में दिए गए भाषण के लिए पुलिस ने नोटिस जारी किया था। इसके तुरंत बाद, तुगलक लेन इलाके में उनके आवास के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करने के लिए एकत्र हुए।

### सिद्धू मूसेवाला की पहली पुण्यतिथि मनाई, पिता ने की शांति की अपील

(एजेंसी) चंडीगढ़ । मानसा मानसा की नई अनाज मंडी में आज सिद्धू मूसेवाला की पहली पुण्यतिथि मनाई जा रही है। इस आयोजन को लेकर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। कार्यक्रम स्थल पर दिवंगत गायक की प्रतिमा, उनका पसंदीदा 5911 ट्रैक्टर और उनकी अंतिम सवारी थार रखी गई है। उसके माता-पिता ने लोगों से शांतिपूर्वक इस आयोजन में भाग लेने की अपील की है। मानसा प्रशासन घटनाक्रम पर पैनी नजर रखे हुए है। उपायुक्त बलदीप कौर ने कार्यक्रम स्थल के पास ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। एसएसपी ने कहा कि अन्य जिलों से पुलिस कर्मियों को घटना के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए मंगवाया गया था।

### भारत जोड़ो के बाद भी पूर्वोत्तर में राहुल के ग्राफ में कोई तेजी नहीं

(एजेंसी) गुवाहाटी । अप्रैल 2019 में जब लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अपने चरम पर था, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए वोट मांगने के लिए एक चुनावी रैली में भाग लेने के लिए दक्षिणी असम की बराक घाटी पहुंचे। असम के इस क्षेत्र में सिलचर और करीमगंज दो लोकसभा सीटें हैं। सुष्मिता देव सिलचर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही थीं और उस समय वह राहुल गांधी के करीबी सहयोगियों में थीं। कांग्रेस ने करीमगंज सीट से एक बहुत ही अपरिचित चेहरे स्वरूप दास को मैदान में उतारा था। हवाई अड्डे पर उतरने के बाद दास को उम्मीदवार के रूप में देखकर गांधी आगबबूला हो गए।

### कांग्रेस की सरकार बनने पर पांच सौ रुपए में मिलेगा गैस सिलेंडर : कमलनाथ

(एजेंसी) नरसिंहपुर। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने आज घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद घरेलू गैस सिलेंडर पांच सौ रुपए में मुहैया कराया जाएगा। श्री कमलनाथ ने यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद गैस सिलेंडर पांच सौ रुपए में मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने इसके साथ ही भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार द्वारा प्रदेश की महिलाओं को लाड़ली बहना योजना के नाम पर एक हजार रुपए दिए जाने को लेकर कहा कि उनकी सरकार बनने पर वे पंद्रह सौ रुपए प्रदेश की महिलाओं को देंगे।

# एक वर्ष में सुंदरतम नगरी के रूप में उभरेगी : योगी

## श्रीराम मंदिर निर्माण की प्रगति से भी हुए अवगत, 70 फीसदी निर्माण पूरा कर लिया गया

### ❑ सीएम ने किए रामलला व हनुमान गढ़ी के दर्शन

(संवाददाता)






अयोध्या । सीएम योगी आदित्यनाथ अयोध्या पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले हनुमानगढ़ी के दर्शन-पूजन किए। संकट मोचन हनुमान जी के दर्शन कर योगी आदित्यनाथ ने सुखी-स्वस्थ उत्तर प्रदेश की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने रामलला के दर्शन, आरती व परिक्रमा की। सीएम ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति भी जानी। आज से छह वर्ष पूर्व 19 मार्च को ही गोरक्षपीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की कुर्सी संभाली थी। इसके पहले अयोध्या पहुंचने पर रामकथा हेलीपैड पर सीएम को सलामी दी गई। योगी आदित्यनाथ के अयोध्या दौरे का आगाज संकट मोचन हनुमान के चरणों में दर्शन-पूजन से किया। बाबा विश्वनाथ व श्रीराम-संकट मोचन हनुमान के आशीर्वाद से योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश के सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री बनने का रिकॉर्ड भी स्थापित किया। रामलला दर्शन के उपरांत श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को स्मृति चिह्न प्रदान किया। रामलला के दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राम मंदिर निर्माण की प्रगति जानी। यहां चंपत राय ने मुख्यमंत्री को निर्माण से जुड़ी जानकारी दी। योगी आदित्यनाथ ने यहां कार्य कर रहे मजदूरों से भी हालचाल पूछा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से वर्तमान समय में चल रहे कार्य की प्रगति भी जानी। गौरतलब है कि मंदिर का 70 फीसदी निर्माण पूरा कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अयोध्या के समग्र विकास के लिए केंद्र व प्रदेश शासन की ओर से 32 हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। एक वर्ष में जब यह धरातल पर उतरेंगी तो दुनिया अयोध्या को सुंदरतम नगरी के रूप में देखेगी। श्रीराम जन्मभूमि पर भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर तय समयसीमा के अंदर आगे बढ़ रहा है। प्रभु श्रीराम अपने मंदिर में विराजमान होकर देश-दुनिया पर कृपा का प्रसाद बरसाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को अयोध्या के एक दिवसीय दौरे पर मीडिया से मुखातिब थे। सीएम ने कहा कि आज अयोध्या में दर्शन-पूजन के साथ केंद्र-राज्य सरकार के विभिन्न विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन व समीक्षा की।

# खालिस्तान समर्थक अमृतपाल अब भी फरार

## पुलिस कर रही तलाश

(एजेंसी)



चंडीगढ़ । पंजाब पुलिस ने कहा कि कट्टरपंथी उपदेशक और खालिस्तान समर्थक अमृतपाल सिंह की तलाश जारी है। अभियान के दूसरे दिन भी पुलिस उसकी तलाश कर रही है। जालंधर के पुलिस आयुक्त कुलदीप सिंह चहल ने शनिवार रात को जालंधर में नकोदर के समीप पत्रकारों से कहा, 'वह अब भगोड़ा है और हम उसकी तलाश कर रहे हैं तथा उसे जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे। चहल ने कहा कि अमृतपाल सिंह के छह से सात बंदूकधारियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह तथा उसके समर्थकों के खिलाफशनिवार को बड़ी कार्रवाई शुरू की थी और पुलिस ने सिंह के नेतृत्व वाले एक संगठन के 78 सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया।

जालंधर जिले में सिंह के काफिले को रोका गया, लेकिन वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। अधिकारियों ने कई स्थानों पर सुरक्षा कड़ी कर दी और रविवार दोपहर तक राज्य में इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं बंद कर दीं। पुलिस ने शनिवार को सिंह के नेतृत्व वाले 'वारिस पंजाब दे (डब्ल्यूपीडी) से जुड़े लोगों के खिलाफ' बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी घेराबंदी और तलाश अभियान (सीएएसओ) शुरू किया है। सिंह के खिलाफकई आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं। पुलिस के अनुसार, अभियान के दौरान अब तक कुल 78 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि कई अन्य को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया है। पुलिस की यह कार्रवाई अमृतपाल सिंह के धार्मिक जुलूस 'खालसा वाहिर के मुक्तसर जिले से शुरू होने से एक दिन पहले हुई। पुलिस ने कहा कि राज्यव्यापी अभियान के दौरान अब तक .315 बोर की एक राइफल, 12 बोर की सात राइफल, एक रिवॉल्वर और 373 कारतूस सहित नौ हथियार बरामद किए गए हैं।

### अमृतपाल पर कार्रवाई : जालंधर में लावारिस कार से राइफल, कारतूस बरामद

(एजेंसी) चंडीगढ़ । कट्टरपंथी उपदेशक अमृतपाल सिंह के फरार रहने के बीच पंजाब पुलिस को जालंधर जिले में एक लावारिस कार मिली है, जिसमें से एक राइफल और कई दर्जन कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस ने हथियार बरामद किए और कहा कि इसकी संभावना है कि काले रंग की यह कार शनिवार को अमृतपाल के काफिले का हिस्सा थी। उन्होंने बताया कि यही कार एक दिन पहले एक वीडियो में नजर आई थी। पुलिस ने बताया कि कार में से एक राइफल, 57 कारतूस, एक तलवार और एक पंजीकरण संख्या प्लेट मिली है। जालंधर ग्रामीण के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वर्णदीप सिंह ने कहा कि कार जालंधर के शाहकोट में सलेमा गांव में लावारिस अवस्था में मिली। घटनास्थल पर पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने कहा, 'हमें पता चला था कि सलेमा गांव में एक लावारिस वाहन मिला है। वहां वाहन की चाभी भी पड़ी थी। एक निजी वॉकी टॉकी, .315 बोर की एक राइफल और 57 कारतूस बरामद किए गए हैं।

# अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में मददगार साबित होंगी : अमित शाह

(एजेंसी)



जूनागढ़। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को यहां कहा कि जैविक उत्पादों एवं निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित राष्ट्रीय स्तर की बहु-राज्य सहकारी समितियां अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को कई गुना बढ़ाने में मददगार साबित होंगी। कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) के 'किसान भवनश् का उद्घाटन करने पहुंचे शाह ने किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती अपनाने की भी जोरदार वकालत की और कहा कि इससे उनकी आय बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा मिट्टी और पर्यावरण को भी रासायनिक खाद से होने वाले नुकसान से बचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा, ''मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी साहब द्वारा शुरू किया गया काम अगले 10 वर्षों में किसानों की आय को न केवल दोगुना करेगा, बल्कि कई गुना बढ़ाएगा। निर्यात एवं जैविक उत्पादों की केवल दो सहकारी समितियां किसानों की आय में कई गुना वृद्धि करने में मदद करेंगी।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट में तीन बहु-राज्य सहकारी समितियों की स्थापना का अहम फैसला किया, जिनमें से दो समितियां राज्य के किसानों के लिए बहुत उपयोगी हैं। उन्होंने कहा, ''एक सहकारी समिति, किसानों से खरीदे गए जैविक उत्पादों के मुनाफे को सीधे उन्हें हस्तांतरित करेगी। जूनागढ़ जिला सहकारी बैंक भवन का शिलान्यास करने के बाद शाह ने कहा कि एक अन्य सहकारी समिति किसानों को देश के किसी भी गांव से अपनी उपज निर्यात करने में मदद करेगी। गौरतलब है कि कैबिनेट ने इस साल जनवरी में राष्ट्रीय निर्यात समिति, जैविक उत्पाद राष्ट्रीय सहकारी समिति और राष्ट्रीय बहु-राज्य बीज सहकारी समिति की स्थापना को मंजूरी दी थी।

# राजनीतिक जमीन को मजबूत करने के लिए मप्र कांग्रेस कर रही कड़ी मेहनत

(एजेंसी) भोपाल। मार्च 2020 में सरकार से बेदखल होने सहित एक गहरे संकट को देखने के बाद, पिछले कुछ सालों में मध्य प्रदेश कांग्रेस ने अपने कैडर को पुनर्जीवित करने और अपनी राजनीतिक जमीन को बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत की है। सबसे पुरानी पार्टी के भीतर संकट के बीच, कांग्रेस इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के विपरीत अपने राज्य नेतृत्व पर अधिक निर्भर होगी। मध्य प्रदेश कांग्रेस के लिए रणनीति निर्माताओं की भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ नेताओं ने दावा किया कि अगर आने वाले दिनों में उनके कुछ नेता भाजपा या किसी अन्य राजनीतिक दल में चले गए तो पार्टी चिंतित नहीं है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा कि ऐसे कई उदाहरण हैं जब पार्टी अतीत में भी गहरे संकट से गुजरी है, लेकिन यह फिर से पुनर्जीवित हो गई है। विशाल राजनीतिक अनुभव वाले पार्टी के दो दिग्गज नेताओं के मार्गदर्शन में राज्य के पार्टी प्रमुख कमल नाथ और दो बार के पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने सत्तारूढ़ भाजपा को फिर से करारा जवाब दिया है। विधानसभा चुनाव के केवल छह महीने दूर होने के कारण, कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में भाजपा के दो दशक के शासन को चुनौती देने के लिए खुद को तैयार कर लिया है। राजनीतिक पर्यवेक्षकों ने कहा कि कांग्रेस ने हर सार्वजनिक मुद्दे पर सड़कों पर विरोध किया, खासकर बेरोजगारी, बढ़ते भ्रष्टाचार और अपराध, किसान आदि। राजनीतिक पर्यवेक्षक ने कहा, मार्च 2020 में सत्ता खोने के बावजूद, जो अधिक ध्यान देने योग्य था वह यह था कि कांग्रेस अधिक आक्रामक हो गई है। ऐसे में अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल ऊंचा रखना पार्टी नेतृत्व के लिए निरूसंदेह एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, लेकिन किसी तरह उन्होंने इसे कर दिखाया और नगरीय निकाय चुनाव में उन्हें सकारात्मक परिणाम मिले। यह एक स्थापित तथ्य है कि अगर कोई राजनीतिक दल वातानुकूलित कमरों में बैठने के बजाय सड़कों पर जनता के मुद्दों पर लड़ेगा तो जनता उसका समर्थन करेगी।

# विकास की पहली शर्त होती है कानून-व्यवस्था का चुस्त-दुरुस्त होना : राजनाथ सिंह

(एजेंसी)



नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने  उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि विकास की पहली शर्त होती है कानून-व्यवस्था का चुस्त-दुरुस्त होना और प्रदेश की कानून-व्यवस्था कैसी है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है। शनिवार को अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ के दो-दिवसीय दौरे पर पहुंचे राजनाथ सिंह ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ यहां कॉल्विन तालुकदार कॉलेज में 1449.68 करोड़ रुपये लागत की 353 परियोजनाओं का ोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस मौके पर अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि विकास की पहली शर्त होती है कानून व्यवस्था का चुस्त-दुरुस्त होना। उन्होंने कहा कि विकास की यदि कोई ऑक्सीजन होती है तो वह चुस्त-दुरुस्त कानून व्यवस्था ही है और उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था कैसी है, किसी को बताने की जरूरत नहीं है। पुलिस मुठभेड़ में अपराधियों के मारे जाने की ओर इशारा करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, मैंने किसी समाचार पोर्टल पर पढ़ा था अब तक 63, मेरे अंदर उत्सुकता हुई कि अब तक 63 का मतलब क्या है। जब पूरा पढ़ा तो पता चला कि पुलिस के साथ मुठभेड़ में 63 अपराधी मारे जा चुके हैं। उन्होंने कहा, जिस रफ्तार से सफाई का काम हो रहा है, मुझे लगता है जल्दी सेंचुरी पार हो जाएगी। रक्षा मंत्री ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले आप सब होली के रंग में रंगे थे और आज का जो दृश्य अपनी आंखों के सामने देख रहा हूं, तो मैं कह सकता हूं कि आज लखनऊ विकास के रंग में रंगा हुआ दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लखनऊ संसदीय क्षेत्र में भारतीय पुरातत्व संरक्षण की ओर से विभिन्न स्मारकों में सुंदरीकरण का कार्य किया जा रहा है, लखनऊ विश्व का सबसे सुंदर शहर बनकर खड़ा होगा, यही हमारी ख्वाहिश है। मुख्यमंत्री के रूप में शनिवार को योगी आदित्यनाथ के दूसरे कार्यकाल का एक वर्ष पूरा होने पर राजनाथ सिंह ने कहा, ''शायद आपलोगों को इस बात की जानकारी नहीं होगी कि आज की तारीख और दिन हम सबके लिए बहुत महत्वपूर्ण है, उत्तर प्रदेश वासियों के लिए भी आज का दिन बहुत महत्वपूर्ण है, क्योंकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज ही के दिन अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल के छह वर्ष का पूरा कर रहे हैं। रक्षा मंत्री ने कहा, मैं कह सकता हूं आज तक इतने लंबे समय तक (राज्य में) कोई मुख्यमंत्री नहीं रहा है, डॉक्टर संपूर्णानंद जी अब तक के सबसे अधिक समय तक रहने वाले मुख्यमंत्री थे, लेकिन उनके रिकॉर्ड को किसी ने तोड़ा है तो योगी आदित्यनाथ जी ने। उन्होंने योगी के छह वर्षों के कार्यकाल को विकास और सुशासन का कार्यकाल बताते हुए उनको शुभकामनाएं और बधाई दी। उन्होंने विकास कार्यों का भी श्रेय मुख्यमंत्री योगी को दिया। समारोह को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विकास अनवरत चलने वाली प्रक्रिया है।

# एनएचएआई के प्रोजेक्ट की सौगात, दिल्ली में विकेंड पर घूमना हुआ आसान

(एजेंसी) नई दिल्ली। एक कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने जानकारी देते हुए कहा कि इस साल के अंत में एनएचएआई के कई सारे प्रोजेक्ट पूरे हो जाएंगे, और इसकी वजह से बहुत से शहरों तक दिल्ली वालों का सफर आसान हो जाएगा। गौरतलब है कि महानगरों में काम के दबाव के चलते अपना वीकेंड मनाने बाहर जाते हैं, और वीकेंड मनाने के दौरान अगर लोगों को अच्छी सड़कें ट्रैफिक जाम से मुक्ति सारी सुविधाएं मिलें तो उनका वीकेंड बन जाता है। दिल्ली की बात करें तो लोग यहां से उत्तराखंड, देहरादून, मसूरी, राजस्थान ,पंजाब जैसी जगहों पर जाना पसंद करते हैं। दिल्ली से नजदीक इन राज्यों में जाने के लिए लोगों को अभी ज्यादा समय लगता है, लेकिन अब आने वाले कुछ ही महीनों में मिलने जा रहे कई एक्सप्रेसवे की सौगात से लोगों का सफर आसान हो जाएगा। एनएचएआई के प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद दिल्ली से उत्तराखंड, जम्मू, राजस्थान, यूपी जाने के समय में काफी बचत हो सकेगी। आपको बता दें कि राजधानी दिल्ली से वीकेंड प्लान बनाने वाले लोगों के लिए एनएचएआई के पूरा होने वाले यह प्रोजेक्ट काफी मददगार होंगे। उदाहरण के तौर पर दिल्ली से देहरादून जाने में पहले 5 से 6 घंटे का वक्त लगता था, लेकिन अब सिर्फ 2 से 2.5 घंटे में लोग देहरादून पहुंच सकेंगे। वहीं दिल्ली से अमृतसर जाने में जो पहले 8 घंटे का वक्त लगता था अब 4 घंटे में लोग पहुंच सकेंगे।

CMYK

## संपादकीय

### ड्रोन से युद्ध

जिस पाकिस्तान का जन्म ही भारत के प्रति दुश्मनी से हुआ है, उससे हर दौर में घात-प्रतिघात के प्रति हमें सचेत रहना होगा। केंद्र में मजबूत सरकार आने के बाद जब सीमाओं पर सुरक्षा बलों की चौकस उपस्थिति है और रक्षाबलों-सेना को फैसले लेने की आजादी मिली है, तो पाकिस्तानी घुसपैठ पर भी अंकुश लगा है। दशकों से की जा रही घुसपैठ के रुकने से बौखलाए पाक के सत्ता प्रतिष्ठानों व खुफ्रिया एजेंसियों ने ड्रोन के जरिये छद्म घात शुरू किया है। जम्मू-कश्मीर व पंजाब में निरंतर नशीले पदार्थों की आपूर्ति व लगातार बरामद होती खेपें इस संकट को बता रही हैं। निस्संदेह यह बड़ा अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्र है कि अफगानिस्तान से निकलने वाली नशे की खेपें हवाई, सड़क व समुद्री मार्ग से भारत भेजी जा रही हैं ताकि युवा पीढ़ी को पथभ्रष्ट किया जा सके। वहीं आतंकी व कट्टरपंथी संगठनों के लिये आर्थिक संसाधन जुटाये जा सकें। पिछले दिनों राजौरी में नियंत्रण रेखा के पास एक गांव से नशीले पदार्थों और हथियारों की बरामदगी पाकिस्तान से ड्रोन के जरिये अंजाम दिये जा रहे नार्को-आतंकवाद की ओर इशारा करती है। कमोबेश इसी तरह पंजाब की सीमा पर भी अत्याधुनिक हथियारों व नशे की खेप ड्रोन के जरिये गिराने के भी तमाम मामले विगत में प्रकाश में आते रहे हैं। निस्संदेह, यह एक सुनियोजित खतरनाक साजिश है जिसमें चीन में निर्मित ड्रोनों के प्रयोग की बात भी सामने आती रही है। ऐसे में यह स्थिति सुरक्षा बलों के लिये बड़ी चुनौती पैदा कर रही है क्योंकि तकनीक के जरिये लड़े जा रहे छद्म युद्ध का मुकाबला अत्याधुनिक तकनीक के जरिये ही किया जा सकता है। यह भी एक हकीकत है कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में ड्रोन की सहज उपलब्धता तथा सुरक्षा बलों की ओर से रात्रि व खराब मौसम में उन पर नजर रख पाने में मुश्किल के चलते यह चुनौती जटिल होती जा रही है।निस्संदेह, थल सीमा पर सुरक्षा बलों की सजगता-सतर्कता से आतंकवादियों व पाक पोषित नशा तस्करों की थल मार्ग से घुसपैठ मुश्किल हुई है। लगातार मार गिराये और खदेड़े गये ड्रोनों की संख्या बताती है कि यह साजिश किस पैमाने पर हो रही है। साथ ही यह भी कि भारत के खिलाफसीमापार बैठे लोगों के खतरनाक इरादे किस हद तक जा पहुंचे हैं। निस्संदेह, भौगोलिक जटिलता के चलते पूरी थल सीमा की निगरानी कर पाना असंभव जैसा ही है। इसके बावजूद भारत को काउंटर ड्रोन तकनीकों को प्रयोग में लाकर आतंकवादियों व नशा तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरना होगा। साथ ही देश के भीतर की उन काली भेड़ों पर भी नजर रखनी होगी, जो पाक में बैठे आकाओं के इशारों पर हथियारों व नशे के अवैध कारोबार में मददगार बने हुए हैं। देश में ड्रोन तकनीक के उपयोग व विस्तार के लिये बड़ी पूंजी के निवेश की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह,ड्रोन के जरिये लगातार बढ़ती घुसपैठ व तस्करी से निपटने के लिये किसी भी स्तर पर उदासीनता घातक साबित हो सकती है। आज पूरी दुनिया में युद्ध शैली में बड़ा बदलाव आया है। हाल में ईरान में बने ड्रोनों ने यूक्रेन में कहर बरपाया है। इस समस्या से निपटने के लिये देश में युद्ध स्तर पर ड्रोन तकनीक में शोध व अनुसंधान को बढ़ावा देने की जरूरत है। उस हद तक कि देश के युवाओं में ड्रोन निर्माण व शोध के लिये एक नया जुनून पैदा हो सके। यह वक्त की जरूरत भी है कि अपनी सीमाओं को अक्षुण्ण बनाये रखा जाये। यह इसीलिये भी जरूरी है कि पड़ोसी मुल्क चीन ने पिछले दिनों अपने रक्षा खर्च में अप्रत्याशित बढ़ोतरी की है। पिछले दिनों लद्दाख व एलएसी पर संदिग्ध गतिविधियां उसके खतरनाक मंसूबों की ओर इशारा कर रही हैं। जिसको लेकर हमें सतर्क रहना होगा। हमें उन्नत राडार, रेडियो फ्रीक्वेंसी एनालाइजर, ध्वनिक सेंसर या ऑप्टिकल सेंसर जैसे अत्याधुनिक ड्रोन निगरानी तंत्र की बहाली तुरंत करनी होगी। यह सुखद है कि जे एंड के व पंजाब के विभिन्न सेक्टरों में तैनात स्वदेशी एंटी-ड्रोन जैमर व स्पूफर्स के परीक्षण सकारात्मक रहे हैं।

### चीन के इरादे

भाजपा त्रिपुरा में फिर से सत्ता हासिल करने को बेताबविधानसभा चुनाव रू पूर्वोत्तर के तीन राज्यों में से दो में जा सकती है भाजपा की सत्ता चीन की सत्ता लगातार तीसरी बार संभालने वाले शी जिनपिंग ने अब एक बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा है कि वे अपने देश की सेना को ग्रेट वॉल ऑफस्टील में तब्दील करना चाहते हैं। चीनी राष्ट्रपति के मुताबिक चीन अपनी संप्रभुता और दुनिया में विकास से जुड़े अपने हितों के लिए सेना को बेहद मजबूत बनाना चाहता है। इन बातों के मायने काफी गहरे हैं। चीन वीटो शक्तिसंपन्न देश है, दुनिया की बड़ी आर्थिक, सैन्य और सामरिक ताकत रखता है। अमेरिका जैसी महाशक्ति से सीधे भिड़ने का दुस्साहस चीन करता है। अभी पिछले दिनों सऊदी अरब और ईरान के बीच चीन की मध्यस्थता के कारण फिर से राजनयिक संबंध बहाल हुए हैं। दोनों ही देश एक-दूसरे की जमीन पर अपने दूतावास एक-दो महीने के भीतर खोलेंगे। सात साल पहले सऊदी अरब और ईरान के बीच राजनयिक संबंध टूट गए थे, दोनों देशों के बीच रिश्ते तल्ख थे। लेकिन अब चीन की दखलंदाजी के बाद मध्यपूर्व के ये दोनों देश फिर से रिश्ते जोड़ने पर राजी हुए हैं। यह घटना वैश्विक राजनीति में चीन के बढ़ते दबदबे का संकेत है। कयास ये भी लग रहे हैं कि अब शी जिनपिंग रूस और यूक्रेन के बीच भी युद्धविराम के लिए पहल कर सकते हैं। हो सकता है अगले सप्ताह वे रूस के राष्ट्रपति व्लादीमीर पुतिन से भेंट करे। अगर चीन के कहने से रूस और यूक्रेन युद्ध रोककर समझौता करते हैं, तो यह बड़ी राहत की बात होगी। लेकिन फिर चीन का प्रभाव और बढ़ जाएगा। क्योंकि अमेरिका और यूरोप के बाकी देश तो युद्ध रोकने की जगह हथियारों की आपूर्ति में लगे हुए हैं। यह उनके लिए मुनाफा कमाने का अवसर है। और भारत की इसमें अहम भूमिका शांति स्थापना में हो सकती है, लेकिन यहां लोग इसी बात से खुश हैं कि हमारे प्रधानमंत्री ने रूस के राष्ट्रपति से युद्ध रोकने की बात कही है। इस बात का कितना असर हुआ, इसका आकलन जरूरी नहीं है। जरूरी यह है कि माहौल बन गया। यही माहौल लाल आंखें वाले बयान से भी बना था। जबकि उसका कोई प्रभाव चीन की अतिक्रमणकारी नीति पर नहीं पड़ा। सीमा पर अब भी भारतीय सैनिकों को निगाह रखनी पड़ रही है कि चीन किसी बहाने से घुसपैठ न करे। प्रधानमंत्री मोदी ने अब तक चीन का नाम लेकर सीधे उसे अपनी हदों में रहने नहीं कहा है। और विदेश मंत्री एस.जयशंकर तो एक कदम आगे बढ़कर सामान्य समझ की बात कर रहे हैं कि चीन हमसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, इसलिए हम उससे न भिड़ें, इसी में अक्लमंदी है। अब चीन अपनी सेना को और मजबूत बनाने की बात कह रहा है, तो उसके इरादे क्या हैं, क्या इसकी पड़ताल भी भारत सरकार इसी डर से नहीं करेगी कि चीन हमसे ताकतवर हुआ तो हम क्या करेंगे। पिछले सप्ताह चीन की संसद सत्र के समापन के दौरान शी जिनपिंग ने 3 हजार सांसदों की मौजूदगी में कहा कि चीन ग्लोबल गवर्नेंस सिस्टम यानी वैश्विक प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार और विकास में सक्रिय भूमिका निभाएगा। माओ त्से तुंग के बाद जिनपिंग तीसरी बार चीन के सर्वोच्च पद पर काबिज हुए हैं। पिछले साल अक्टूबर में तीसरी बार शी जिनपिंग को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का प्रमुख चुना गया था और अब पांच साल के लिए तीसरी बार राष्ट्रपति बनने के साथ-साथ वे सेंट्रल मिलिट्री कमेटी के प्रमुख के तौर पर भी चुने गए हैं, यानी सेना की कमान भी अब उनके ही हाथों में होगी। चीन ने लगातार आठवें साल अपने रक्षा बजट में बढ़ोत्तरी करते हुए इस बार 7.2 प्रतिशत रक्षा बजट बढ़ा दिया है। अब चीन का रक्षा बजट 225 अरब डॉलर यानी 18 लाख करोड़ रुपयों से ज्यादा का है। जबकि भारत के अमृतकाल का रक्षा बजट 5.94 लाख करोड़ रुपए है। चीन ने केवल रक्षा बजट ही नहीं बढ़ाया, वह हथियार तैयार करने में भी दुनिया में चौथे नंबर का देश है, उससे ऊपर अमेरिका, रूस और फ्रांस हैं। अमेरिका और फ्रांस का पक्ष एक है, और रूस, चीन एक साथ हैं। चीन ने रूस से काफी हथियार पहले खरीदे हैं। स्टॉकहोम इंटरनैशनल पीस रिसर्च इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट के मुताबिक 2016 से 2021 तक चीन ने जितना हथियार आयात किया था, उसका 81 प्रतिशत रूस से आया था। और संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक, रूस को जिस तरह की तोपों के गोलों की जरूरत है, उसकी आपूर्ति चीन से हो सकती है।

# प्लास्टिक प्रदूषण के खिलाफ भारत की लड़ाई

**प्रियंका सौरभ**

एक नई रिपोर्ट के अनुसार, जी20 देशों में प्लास्टिक की खपत 2050 तक लगभग दोगुनी होने की उम्मीद है। इसलिए खतरे को भांपते हुए कॉटन, खादी बैग और बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर पर्यावरण के अनुकूल और उद्देश्य के अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करें जो अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। समर्थन में कर छूट, अनुसंधान और विकास निधि, प्रौद्योगिकी ऊष्मायन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, और उन परियोजनाओं का समर्थन शामिल हो सकता है जो एकल-उपयोग की वस्तुओं को रीसायकल करते हैं और कचरे को एक संसाधन में बदल देते हैं जिसे फिर से उपयोग किया जा सकता है। उपभोक्ताओं के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरों से निकलने वाले सभी प्लास्टिक कचरे को अलग किया जाए और खाद्य अपशिष्ट से दूषित न हो। भारत ने हाल ही में नैरोबी में होने वाली पांचवीं संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण सभा से एक महीने पहले प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने के लिए एक मसौदा प्रस्ताव जारी किया। कुछ अन्य देशों द्वारा प्रस्तुत मसौदों के विपरीत, भारत के ढांचे ने कानूनी रूप से बाध्यकारी होने के बजाय एक स्वैच्छिक दृष्टिकोण का प्रस्ताव दिया। 2019 में, केंद्र सरकार ने 2022 तक भारत को एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक से मुक्त करने के लिए, देश भर में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित करने के लिए एक बहु-मंत्रालयी योजना बनाई थी। वर्तमान में, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 देश में 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाले कैरी बैग और प्लास्टिक शीट के निर्माण, आयात, स्टॉकिंग, वितरण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाता है। पर्यावरण मंत्रालय ने प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन संशोधन नियम, 2021 को अधिसूचित किया है। ये नियम 2022 तक विशिष्ट एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं पर रोक लगाते हैं, जिनकी ष्कम उपयोगिता और उच्च कूड़ेदान क्षमताष् है। प्लास्टिक की थैलियों की अनुमत मोटाई, वर्तमान में 50 माइक्रोन, होगी 30 सितंबर, 2021 से 75 माइक्रोन और 31 दिसंबर, 2022 से 120 माइक्रोन तक बढ़ाया गया। नीति स्तर पर,



2016 के नियमों के तहत पहले से उल्लिखित विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) की अवधारणा को बढ़ावा दिया जाना है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य प्रदूषण निकायों के साथ, प्रतिबंध की निगरानी करेगा, उल्लंघनों की पहचान करेगा और पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 के तहत पहले से निर्धारित दंड लगाएगा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने बताया है कि 22 राज्यों ने अतीत में एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है, लेकिन इसका बहुत कम प्रभाव आर्द्रभूमि और जलमार्गों को चोक करने और महासागरों में ले जाकर माइक्रोप्लास्टिक में बदलने के संकट पर पड़ा है। अब तक, 22 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश प्लास्टिक प्रदूषण को मात देने की लड़ाई में शामिल हो गए हैं और कैरी बैग, कप, प्लेट, कटलरी, स्ट्रॉ और थर्मोकोल उत्पादों जैसे एकल उपयोग वाले प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की है। भारत ने पिछले साल विश्व पर्यावरण दिवस पर घोषित अपने ष्बीट प्लास्टिक पॉल्यूशनष् संकल्प के लिए वैश्विक प्रशंसा भी हासिल की है, जिसके तहत उसने 2022 तक सिंगल-यूज प्लास्टिक को खत्म करने का संकल्प लिया है। राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय स्तर पर – उदाहरण के लिए, सभी पेट्रोकेमिकल उद्योगों को – प्रतिबंधित वस्तुओं में लगे उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति नहीं करने के निर्देश जारी किए गए हैं। प्रदूषण नियंत्रण समितियां एकल-उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं में लगे उद्योगों के लिए वायुध्जल अधिनियम के तहत जारी सहमति को संशोधित या रद्द कर देंगी। स्थानीय अधिकारियों को इस शर्त के साथ नए वाणिज्यिक लाइसेंस जारी करने का निर्देश दिया गया है कि उनके परिसर में एसयूपी आइटम नहीं बेचे जाएंगे, और मौजूदा वाणिज्यिक लाइसेंस रद्द कर दिए जाएंगे यदि वे इन वस्तुओं को बेचते पाए गए। कम्पोस्टेबल प्लास्टिक के 200 निर्माताओं को एकमुश्त प्रमाणपत्र जारी किया है और बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के लिए बीआईएस मानकों को पारित किया है।प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों को पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 के तहत दंडित किया जा सकता है – जो 5 साल तक की कैद, या 1 लाख रुपये तक का जुर्माना, या दोनों की अनुमति देता है। उल्लंघनकर्ताओं को पर्यावरण क्षति मुआवजे का भुगतान करने के लिए भी कहा जा सकता है। प्लास्टिक पर कानूनी रूप से बाध्यकारी वैश्विक संधि के गुण सभी देशों पर कानूनों का एक समान सेट लागू होता है जिससे प्लास्टिक प्रदूषण से निपटने के लिए दुनिया भर में संचयी प्रयास को बढ़ावा मिलता है। भूमि, समुद्री आदि सभी प्रकार के प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए वैश्विक अभियान को मजबूत करता है। प्लास्टिक प्रदूषण से लड़ने के प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए एक वित्तीय तंत्र बनाने में मदद करता है। सभी देश संधि का पालन करने में सक्षम नहीं हो सकते हैं क्योंकि प्लास्टिक का विकल्प अवहनीय या दुर्गम या अनुपलब्ध हो सकता है। सामान्य लेकिन विभेदित जिम्मेदारियों के सिद्धांत के खिलाफजाता है। उपभोक्ताओं के रूप में, हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हमारे घरों से निकलने वाले सभी प्लास्टिक कचरे को अलग किया जाए और खाद्य अपशिष्ट से दूषित न हो। प्लास्टिक कचरे के प्रबंधन के लिए प्रभावी ज्ञान की आवश्यकता होती है, न केवल प्लास्टिक का उत्पादन करने वालों में बल्कि इसे संभालने वालों में भी। ब्रांड के मालिक और निर्माता को यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि पैकेजिंग का उद्देश्य पूरा होने के बाद एक प्लास्टिक पैकेजिंग सामग्री का क्या अंजाम होगा। नागरिकों को व्यवहार में बदलाव लाना होगा और कूड़ा नहीं फैलाना होगा और अपशिष्ट पृथक्करण और अपशिष्ट प्रबंधन में मदद करनी होगी।चिन्हित एकल उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं और प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन के डिजिटल समाधानों के विकल्प के विकास में नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए, स्टार्ट-अप इंडिया पहल के तहत मान्यता प्राप्त उच्च शिक्षण संस्थानों और स्टार्ट-अप के छात्रों के लिए इंडिया प्लास्टिक चौलेंज- हैकथॉन 2021 का आयोजन किया गया है। कॉटन, खादी बैग और बायो-डिग्रेडेबल प्लास्टिक जैसे विकल्पों को बढ़ावा देकर पर्यावरण के अनुकूल और उद्देश्य के अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन प्रदान करें जो अधिक नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। समर्थन में कर छूट, अनुसंधान और विकास निधि, प्रौद्योगिकी ऊष्मायन, सार्वजनिक-निजी भागीदारी, और उन परियोजनाओं का समर्थन शामिल हो सकता है जो एकल-उपयोग की वस्तुओं को रीसायकल करते हैं और कचरे को एक संसाधन में बदल देते हैं जिसे फिर से उपयोग किया जा सकता है। विकल्प बनाने के लिए प्रयुक्त सामग्री के आयात पर करों को कम करना या समाप्त करना। उद्योग को कर छूट या अन्य शर्तों को लागू करके इसके संक्रमण का समर्थन करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करें। प्लास्टिक पैकेजिंग के आयातकों और वितरकों सहित सरकारों को प्लास्टिक उद्योग के प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्हें अनुकूल होने का समय दें। सार्वजनिक भलाई को अधिकतम करने के लिए एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक पर करों या लेवी से एकत्रित राजस्व का उपयोग करें। पर्यावरणीय परियोजनाओं का समर्थन करें या धन के साथ स्थानीय पुनर्चक्रण को बढ़ावा दें। सीड फंडिंग के साथ प्लास्टिक रीसाइक्लिंग क्षेत्र में रोजगार सृजित करें। भूमिकाओं और जिम्मेदारियों का स्पष्ट आवंटन सुनिश्चित करके चुने गए उपाय को प्रभावी ढंग से लागू करें। यदि आवश्यक हो तो चुने गए उपाय की निगरानी करें और समायोजित करें और प्रगति पर जनता को अपडेट करें। उत्पादकों पर प्लास्टिक के सभी रूपों के संग्रह, पुनर्चक्रण और प्रसंस्करण को सुव्यवस्थित करने का दबाव बढ़ना तय है। व्यक्तियों और संगठनों को अब सक्रिय रूप से अपने आसपास से प्लास्टिक कचरे को हटाना चाहिए और नगर निकायों को इन वस्तुओं को एकत्र करने की व्यवस्था करनी चाहिए। स्टार्टअप्स और उद्योगों को प्लास्टिक के पुनर्चक्रण के नए तरीकों के बारे में सोचना चाहिए।

# किसान क्यों कराहते हैं



भारत को आज भी कृषि प्रधान देश कहा जाता है मगर किसानों की आर्थिक दशा सुधारने की पुख्ता निदेशित व्यवस्था हम आज तक विकसित नहीं कर पाये हैं। मगर इसका अर्थ यह कतई नहीं है कि स्वतन्त्र भारत में इस तरफकोई ध्यान ही नहीं दिया गया। आजादी के बाद की सभी सरकारों की निगाह में कृषि भारत के धरातलीय विकास का प्रमुख औजार रही और इस क्षेत्र में 1991 तक सार्वजनिक निवेश भी आनुपातिक ढंग से बढ़ा जिसकी वजह से 70 के दशक तक देश में हरित क्रन्ति हुई और खाद्यान्न उत्पादन में हम आत्मनिर्भर हुए परन्तु 1991 में आर्थिक उदारीकरण का दौर शुरू होने के बाद इस क्षेत्र को लावारिस बना कर छोड़ दिया गया और हमारी प्राथमिकता में अर्थव्यवस्था के अन्य मानक आ गये। आजादी के बाद शुरू के पचास वर्षों में हमने अपने कृषि क्षेत्र को जिस तरह पोषित किया उसके बहुत बेहतर परिणाम आये और हमारे किसानों की मेहनत रंग लाई और भारत में प्रति हैक्टेयर उपज का औसत कई गुना बढ़ गया। हम खाद्यान्न आयात से निर्यात करने वाले मुल्क बन गये। पिछली सदी समाप्त होते-होते हमारे सामने खाद्यान्न प्रबन्धन की समस्या तक पैदा हो गई और तब राष्ट्रीय कृषि नीति का सवाल उठा। अत: केन्द्र में वाजपेयी सरकार के दौरान श्री नीतीश कुमार के कृषि मन्त्री रहते राष्ट्रीय कृषि नीति बनाई गई और भारत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार नियमों के तहत कृषि परिमाण आयात प्रतिबन्धों की चुनौती कबूल करने की स्थिति में आया परन्तु कृषि क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश की तब भी अनदेखी हुई और सब कुछ निजी क्षेत्र के भरोसे छोड़ने की मंशा सतह पर आती गई। इससे खेती की लाभप्रदता पर असर पड़ने लगा और इस क्षेत्र में 'पूंजी सृजन' लगातार कम होता चला गया। आज हम किसानों में जो रोष देख रहे हैं वह कृषि उपजों के विपणन, प्रबन्धन और विस्थापन से जुड़ी हुई समस्याओं का ही प्रतिफल है। इस बीच कृषि उत्पादन के विविध्धिकरण पर भी जोर दिया गया। इसका असर भी हमें तभी दिखाई पड़ा जब सरकारों ने अपनी तरफसे विशेष प्रोत्साहन योजनाएं चलाईं। इनमें दलहन- तिलहन उत्पादन का विशेष उल्लेख किया जा सकता है परन्तु भारत की भौगोलिक कृषि विविधता को ही देखते हुए ही कृषि को राज्यों का विषय बनाया गया था जिससे प्रत्येक राज्य अपनी शक्ति के बूते पर भारत के दूसरे राज्यों की आवश्यकता पड़ने पर आपूर्ति कर सके। इस सम्बन्ध में एक राज्य से दूसरे राज्य में कृषि उत्पादों की आवाजाही के नियमों को भी समयानुसार संशोधित किया गया और बाद में देश की सभी कृषि मंडियों को आपस में जोड़ तक दिया गया। इसके बावजूद यदि महाराष्ट्र में पैदा की गई प्याज के दाम वहां के किसानों को स्थानीय मंडियों में दो से सात रुपए किलो तक ही मिलते हैं और दिल्ली के बाजारों में इसकी खुदरा कीमत हमें न्यूनतम तीस रुपए किलो दिखाई पड़ती है तो आसानी से अन्दाजा लगाया जा सकता है कि अधिक फसल उगाने की सजा किसानों को कितनी बेदर्दी से दी जाती है । यही स्थिति उत्तर प्रदेश व अन्य राज्यों में आलू के किसानों की है परन्तु पंजाब के किसान भी आजकल दिल्ली में प्रदर्शन कर रहे हैं। ये गेहूं व चावल उगाने वाले किसान हैं। इनकी मांगें व्यापक हैं। ये मांग कर रहे हैं कि सरकार ने डेढ़ वर्ष पहले जो न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति बनाई थी वह नाकारा साबित हुई है। किसानों की उपज का न्यूनतम समर्थन मूल्य इस प्रकार तय किया जाये कि उनकी लागत का यह कम से कम डेढ़ गुना हो। इसमें खेत में काम करने की मजदूरी को भी शामिल किया जाये और जमीन की कीमत को भी जोड़ा जाये। यह फार्मूला जिसे सी-2 फार्मूला कहा जाता है। यह प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री श्री स्वामीनाथन ने दिया था। किसान यह भी मांग कर रहे हैं कि न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रणाली को कानूनी रूप दिया जाये। अब हम जिस अर्थव्यवस्था में जी रहे हैं उसे बाजार मूलक अर्थव्यवस्था कहते हैं। इसमें किसी भी वस्तु की कीमत बाजार की शक्तियां तय करती हैं परन्तु कृषि उत्पादों का सीधा सम्बन्ध आम नागरिक की निजी अर्थव्यवस्था से होता है। इसमें उसकी निजी क्रय क्षमता देखी जाती है। जब भारत में 80 करोड़ लोगों की आमदनी पांच हजार रुपये प्रतिमाह से कम है तो स्वाभाविक रूप से सरकारों का यह कर्त्तव्य हो जाता है कि वे इस आबादी के जीवन जीने की राह को उपलब्ध स्रोतों के मार्फत आसान बनायें। दूसरी तरफ पसीना बहाकर किसान को भी उसकी मेहनत का पूरा मेहनताना मिले। इस सन्तुलन को बनाये रखने के लिए ही कृषि क्षेत्र को सब्सिडी देने की प्रथा शुरू की गई थी। जिसे बाजार मूलक अर्थव्यवस्था नकारती है और कहती है कि बाजार को ही मांग व सप्लाई के फार्मूले पर कृषि उपजों का दाम तय करने दो। इस फार्मूले पर चलने का परिणाम हमारे सामने आलू व प्याज के किसानों की स्थिति है। इससे निपटने के तरीके को ही कृषि प्रबन्धन कहा जाता है। यह प्रबन्धन बिना सरकारी हस्तक्षेप के संभव नहीं हो सकता। हालांकि सब्जी व अन्य कृषि उपज खरीद हस्तक्षेप के लिए नेफेड जैसी सरकारी एजेंसियां पहले से ही मौजूद हैं मगर बढ़ती उपज को देखते हुए इनकी क्षमता पूरी हो चुकी है और इसमें इजाफा नहीं हो रहा है। इसके साथ ही सरकार के पास निर्यात व आयात के विकल्प भी खुले रहते हैं जिनके लिए भी समय पूर्व प्रबन्धन की जरूरत होती है। जाहिर है कि किसानों की समस्याओं के हल की व्यवस्था भी हमें बहुआयामी करनी होगी जिससे भारत के हर इलाके के किसान आश्वस्त हो सकें। इसके लिए निश्चित रूप से पृथक विशेषज्ञ मंडल गठित करने की जरूरत होगी।

# सचिन पायलट ने राजस्थान में नेतृत्व हासिल करने की लड़ाई में जीत की आस छोड़ दी है

**रमेश सर्राफधमोरा**

गहलोत ने अपने इस कार्यकाल के अंतिम बजट को पूरी तरह आमजन का विकासोन्मुखी बजट बनाया है। बजट में प्रदेश के आम आदमी का पूरा ख्याल रखा गया है। उनके हित की बहुत सारी योजनाएं शुरू करने की घोषणा की गई है, जिसका गहलोत पूरा राजनीतिक लाभ उठायेंगे। राजस्थान में विधानसभा के चुनाव होने में कुछ महीनों का ही समय शेष रह गया है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने चुनाव लड़ने के लिए अपनी-अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस में चल रहा नेतृत्व परिवर्तन का मुद्दा भी खत्म-सा हो गया है। यह तय हो गया है कि अगला विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। उनके प्रतिद्वंद्वी सचिन पायलट ने भी अब मान लिया है कि प्रदेश में नेतृत्व परिवर्तन का समय निकल चुका है। इसीलिए उनकी नेतृत्व परिवर्तन की मांग भी बंद हो गई है। अब सचिन पायलट कहने लगे हैं कि पार्टी के सभी लोगों की एकजुटता से ही अगला विधानसभा चुनाव जीता जा सकता है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मालूम है कि सरकार चाहे कितने ही विकास के कार्य करवाये, जनता हर पांच साल के बाद सत्ता बदल देती है। राजस्थान के लोगों का मानना है कि सत्ता बदलने से प्रदेश में और अधिक तेजी से विकास कार्य होते हैं। अशोक गहलोत ने अपने पांच साल के कार्यकाल में सचिन पायलट को तो मात दे दी है। मगर अब उनके समक्ष विधानसभा चुनाव सबसे बड़ी चुनौती के रूप में खड़े हैं। जहां उन्हें सभी विपक्षी दलों को परास्त कर फिर से सरकार बनानी होगी। गहलोत को पता है कि कांग्रेस में चल रही आपसी गुटबाजी के चलते आम जनता में पार्टी के प्रति अच्छा संदेश नहीं जा रहा है। इसी कमी को पूरा करने के लिए अशोक गहलोत प्रदेश में विकास के मुद्दे पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं। गहलोत के सोच की झलक इस बार राजस्थान के आम बजट में भी देखने को मिली है। गहलोत ने अपने इस कार्यकाल के अंतिम बजट को पूरी तरह आमजन का



विकासोन्मुखी बजट बनाया है। बजट में प्रदेश के आम आदमी का पूरा ख्याल रखा गया है। उनके हित की बहुत सारी योजनाएं शुरू करने की घोषणा की गई है, जिसका गहलोत पूरा राजनीतिक लाभ उठायेंगे। गहलोत ने सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के वृद्ध नागरिकों, विधवा महिलाओं, विकलांगों, अनाथ बच्चों को मिलने वाली मासिक पेंशन राशि में बढ़ोतरी करने की घोषणा कर उन्हें बड़ा आर्थिक संबल प्रदान किया है। जिसका लाभ उन्हें चुनाव में मिलना तय माना जा रहा है। मुख्यमंत्री बनते ही गहलोत ने उक्त सभी लोगों को मिलने वाली पेंशन की राशि में भी बढ़ोतरी की थी। अपने विकास के एजेंडे के तहत ही मुख्यमंत्री गहलोत ने पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के निर्माण को एक बड़ा राजनीतिक मुद्दा बना दिया है। इस नहर परियोजना के पूरा होने से पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के लोगों को पीने का पानी तो मिलेगा ही साथ ही दो लाख 80 हजार हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई की सुविधा भी उपलब्ध हो सकेगी। यह परियोजना पूर्वी राजस्थान के लोगों के लिए जीवन-मरण का प्रश्न बनी हुई है। पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान एक जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस परियोजना को केंद्रीय प्रोजेक्ट घोषित कर पूरा करवाने की बात कही थी। मगर केंद्र सरकार ने इस परियोजना को आज तक अपने हाथ में नहीं लिया है। इसी मुद्दे को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बड़े जोर शोर से उठा रहे हैं। पूर्वी राजस्थान के झालावाड़, बांरा, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, जयपुर, करौली, अलवर, भरतपुर, दौसा और धौलपुर सहित इन 13 जिलों में राजस्थान की एक तिहाई से अधिक आबादी रहती है। इस नहर परियोजना के पूरा होने से इस क्षेत्र के लोगों की आर्थिक स्थिति तो सुदृढ़ होगी ही साथ ही उन्हें आने वाले लंबे समय तक पीने का पानी भी उपलब्ध हो सकेगा। इन 13 जिलों में विधानसभा की 83 सीटें आती हैं। जिनमें से अभी कांग्रेस के पास 49 और भाजपा के पास 25 सीटें हैं। राजनीतिक रूप से भी इन 13 जिलों में अभी कांग्रेस मजबूत स्थिति में है। मुख्यमंत्री गहलोत इस नहर परियोजना के मुद्दे पर इस क्षेत्र में अपनी पार्टी की पकड़ को और भी मजबूत करने में लगे हुए हैं। इसीलिए मुख्यमंत्री गहलोत ने इस परियोजना को गति देने के लिए हाल ही में 14 हजार 200 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। गहलोत सरकार ने अपने पिछले वर्ष के बजट में भी इस परियोजना के लिए 9 हजार 600 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी की थी। इस तरह प्रदेश सरकार ने इस परियोजना पर अब तक 23 हजार 800 करोड़ रुपए की स्वीकृति जारी कर चुकी है। इससे उक्त परियोजना में नवनेरा-गलवा-बीसलपुर-ईसरदा लिंक परियोजना, निर्माणाधीन नवनेरा बैराज एवं ईसरदा बांध, रामगढ़ एवं महलपुर बैराज का निर्माण, नवनेरा बैराज, मेज एनीकट तथा गलवा बांध में पंपिंग और विद्युत स्टेशन स्थापित करने तथा बाढ़ के पानी को संग्रहित करने सहित विभिन्न कार्य पूरे किए जा सकेंगे। इसके साथ ही बीसलपुर बांध की ऊंचाई आधा मीटर बढ़ाने तथा 202.42 किलोमीटर लंबे जल परिवहन तंत्र को विकसित करने के कार्य भी किए जा सकेंगे। इसके अलावा वर्ष 2040 तक जयपुर, अजमेर, टोंक जिले की अतिरिक्त पेयजल आवश्यकताओं तथा जयपुर जिले के शेष ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 16.82 टीएमसी पेयजल की अतिरिक्त मांग को ध्यान में रखते हुए जल प्रबंधन के कार्य किए जा सकेंगे। प्रदेश के गरीब लोगों को महंगाई से राहत दिलाने के लिए गहलोत ने इस बार के बजट में 19 हजार करोड़ रुपए के महंगाई राहत पैकेज की घोषणा की है। इसमें उज्ज्वला योजना में शामिल प्रदेश के 76 लाख परिवारों को 500 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर देने व प्रदेश मे खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े एक करोड़ लोगों को प्रतिमाह मुख्यमंत्री नि:शुल्क अन्नपूर्णा फूड पैकेट योजना शुरू करने की घोषणा की गयी है। जिसके तहत हर पैकेट में 1 किलो दाल, 1 किलो चीनी, 1 किलो नमक, 1 लीटर खाद्य तेल और मसाले उपलब्ध करवाए जाएंगें। जिस पर राज्य सरकार तीन हजार करोड़ खर्च करेगी। गहलोत की यह योजना 2023 में सत्ता वापसी के लिए मददगार साबित हो सकती है। इसके साथ ही प्रदेश के सभी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को 100 यूनिट प्रतिमाह व कृषि उपभोक्ताओं को दो हजार यूनिट प्रतिमाह मुफ्त बिजली देने तथा मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना में 25 लाख रुपए तक का नि:शुल्क उपचार की सुविधा देना शामिल है। प्रदेश में सरकार द्वारा आयोजित भर्ती परीक्षाओं में युवाओं से अब कोई परीक्षा शुल्क नहीं लिया जाएगा। यह बेरोजगार अभ्यर्थियों को बहुत बड़ी राहत दी गई है। बेरोजगार युवकों के लिए आगामी वर्ष में एक लाख नई भर्तियां करने की घोषणा कर मुख्यमंत्री ने युवाओं को भी लुभाने का काम किया है। सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा तो मुख्यमंत्री का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पुरानी पेंशन योजना को फिर से बहाल करने वाले देश के पहले मुख्यमंत्री हैं। उनकी घोषणा के बाद कई राज्य सरकारों ने इस योजना को लागू करना करने की घोषणा की है। अब हर राज्य के सरकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना लागू करने की मांग कर रहे हैं। पुरानी पेंशन योजना के मुद्दे पर गहलोत ने भाजपा को राजनीतिक रूप से संकट में डाल दिया है। हाल ही में भाजपा शासित कर्नाटक सरकार ने भी पुरानी पेंशन योजना के अध्ययन के लिए वरिष्ठ अधिकारियों की एक समिति का गठन किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अपनी हर चाल बहुत सावधानी से चल रहे हैं। उन्हें पता है कि एक तरफ उन्हें भाजपा सहित अन्य विरोधी दलों से मुकाबला करना होगा।

# बिजली हड़ताल पर एक्शन

## 650 संविदा कर्मियों की गई नौकरी, एजेंसियों को दी गई नोटिस

संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में हड़ताल पर गए बिजली कर्मियों पर बड़ी कार्रवाई हुई है। 650 आउटसोर्सिंग संविदाकर्मियों के सेवा समाप्त कर दी गई है। जिन कर्मियों की सेवा समाप्त हुई है, उनमें पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम के 242 कर्मी, मध्यांचल वितरण निगम 110 कर्मी, पश्चिमांचल में 60 और दक्षिणांचल 38 कर्मियों पर कार्रवाई हुई है।इसके अलावा एजेंसियों को नोटिस भी जारी की गई है। कॉरपोरेशन के चेयरमैन एम देवराज ने बताया कि गाजीपुर में बिजली आपूर्ति के लिए काम कर रही फर्म भारत इंटरप्राइजेज को अपने कर्मचारियों को उपस्थित न करा पाने के कारण फर्म के महाप्रबंधक एवं सुपरवाइजर राहुल सिंह के विरुद्ध कोतवाली गाजीपुर में एफआईआर दर्ज करा दी गई है। मुख्यमंत्री योगी ने विद्युत कर्मियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अराजकता फैलाने वाले बिजली कर्मी सूचीबद्ध होंगे। बिजली फीडर बंद करने वालों पर कार्रवाई होगी। छह अन्य एजेंसियों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। देवराज ने कहा कि भविष्य में इन एजेंसियों को निगम में कार्य करने के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। जिलों में अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि काम न करने वालों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कराई जाए। हड़ताल के बीच उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड ने हड़ताली संगठनों से अनुरोध किया है। यूपीपीसीएल ने हाईकोर्ट के निर्देश का हवाला देकर हड़ताल खत्म करने के निर्देश दिये हैं। यूपीपीसीएल ने हड़ताली संगठनों को पत्र लिखा है। उर्जा मंत्री शर्मा एके शर्मा ने कहा कि इस हड़ताल के लिए बिजली संगठनों के कुछ गैर जिम्मेदार नेता जिम्मेदार हैं। बैठक के दौरान उनकी मांगों को लेकर समझाया था, लेकिन वह अपनी हठधर्मिता पर अड़े हैं। हम अब भी उनको समझाने की कोशिश कर रहे हैं। उनसे मांग कर रहे हैं कि वह अपनी हड़ताल को खत्म कर काम पर लौट जाएं। हड़ताल से कुछ जगहों पर बिजली व्यवस्था प्रभावित हुई है। इसको लेकर रिपोर्ट मांगी गई है।जगह-जगह फीडर बंद होने से बिजली नहीं आ रही है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी वाटर को लेकर है, क्योंकि बिजली नहीं आने ने वाटर सप्लाई नहीं हो पा रही है।लोगों का कहना है कि सरकार जल्द से जल्द बिजली कर्मियों से बात कर इस हड़ताल को खत्म कराए। टकराव को दूर करने के लिए बिजली कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मामले में हस्तक्षेप की मांग की।

## बिजली कर्मियों की हड़ताल से बत्ती और पानी गुल, लोगों की बढ़ी परेशानी

संवाददाता, लखनऊ। उत्तर प्रदेश में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते विद्युत उत्पादन गृहों में उत्पादन प्रभावित हुआ है, जिसका सीधा असर प्रदेश के कई इलाकों में विद्युत आपूर्ति के साथ साथ जलापूर्ति पर भी पड़ा है। सरकार ने हड़ताली कर्मचारियों पर एस्मा और रासुका के तहत कार्रवाई करने की चेतावनी दी है। वहीं उच्च न्यायालय ने भी हड़ताल को गैर जरूरी बताते हुए इसे अदालत की अवमानना करार दिया है। इसके बावजूद हड़ताली कर्मचारियों के रवैये में कोई खास फर्क नहीं पड़ा है। कर्मचारी नेताओं की दलील है कि वे भी हड़ताल के पक्षधर नहीं है मगर ऊर्जा मंत्री पिछले साल दिसंबर में कर्मचारी नेताओं के साथ उनकी मांगों के संबंध में किए गए समझौते से मुकर रहे हैं। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की अपील की है। विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक हड़ताल के चलते आम जनता को हो रही परेशानियों से खफा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज दोपहर 12 बजे ऊर्जा मंत्री और पावर कारपोरेशन के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक बुलाई है जिसमें हड़ताली कर्मचारियों को लेकर कुछ अहम और कड़े फैसले लिए जाने की संभावना है। इस बीच ओबरा ताप विद्युत संयंत्र की 200-200 मेगावाट की पांच इकाइयों में उत्पादन बंद होने से विद्युत आपूर्ति के और जटिल होने की संभावना है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि सरकार ने प्रस्तावित ओबरा डी संयंत्र को राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम के हवाले करने का फैसला किया है जो उन्हे कतई मंजूर नहीं है। इससे पहले ओबरा सी की 660 मेगावाट की दो इकाइयों को निजी क्षेत्र के हवाले किया जा चुका है। सरकार की निजीकरण की नीति सही नहीं है। सरकार को हाल ही में लिए गए फैसले को वापस लेना चाहिए। पावर कारपोरेशन के इंजीनियर और कर्मचारी अपने उत्पादन संयंत्र को चलाने में पूरी तरह सक्षम है। हड़ताली कर्मचारियों को हालांकि एस्मा का डर भी सता रहा है। कर्मचारियों का मानना है कि एस्मा के तहत कार्रवाई होने का असर उनके करियर पर पड़ेगा। उन्हे उम्मीद है कि मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से परिस्थितियां जल्द ही काबू में होंगी। बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते कई जिलों के विद्युत उपकेन्द्रों पर आमतौर पर सन्नाटा पसरा है। बिजली के बिल भुगतान काउंटर बंद होने से उपभोक्ता मायूस होकर वापस जा रहे है जबकि स्थानीय गड़बड़ियों को दुरूस्त करने के लिए चंद गैंगमैन उपलब्ध हैं। विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने से कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति भी लड़खड़ा गयी है। उधर, कई जिलों में हल्की बारिश और ओलावृष्टि से हुये फाल्ट जस के तस पड़े हैं। हड़ताल से विरत कर्मचारी और इंजीनियर इन्हे दूर करने की भरसक कोशिश कर रहे हैं। विद्युत उत्पादन को नियंत्रित करने के लिए एनटीपीसी के इंजीनियरों के अलावा निजी क्षेत्र के तकनीकी स्टाफकी भी मदद ली जा रही है।

## रक्षामंत्री से एस-4 व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रतिनिधि मण्डल ने की मुलाकात

○ पेंशन व बिजली कर्मचारियों की समस्याओं सहित कई मांगो पर की वार्ता



संवाददाता

लखनऊ। संयुक्त संघर्ष संचालन समिति (एस-4) उत्तर प्रदेश,एवं राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उ.प्र. के संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने रविवार को देश के रक्षा मंत्री व लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मिलकर पुरानी पेंशन व बिजली कर्मचारियों की समस्याओं सहित अन्य कई मांगों को लेकर मुलाकात कीद्य प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश में चल रही बिजली कर्मचारियों की हड़तालध्उत्पीड़न को समाप्त कराने के लिए उनसे हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि सरकार समझौता लागू करे,रक्षा मंत्री जी ने आश्वस्त किया कि वो इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय योगी जी से बात करेंगे प्रतिनिधि मंडल ने अन्य राज्यो की भांति पुरानी पेंशन की बहाली,व राज्य सरकार द्वारा समाप्त किये गए भत्तों की बहाली एवं संविदा कर्मियों के नियमतीकरण का मुद्दा भी उठाया।प्रतिनिधि मंडल में एस-4 के महासचिव आर. के. निगम, पीएसपीएसए के प्रांतीय अध्यक्ष व एस-4 के संयोजक विनय कुमार सिंह, पीएसपीएसए के लखनऊ मंडल प्रभारी व एस-4 के मीडिया प्रभारी मनोज कुमार यादव,तथा राज्यकर्मचारी संयुक्त परिषद के अंतरिम अध्यक्ष व वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविंद कुमार वर्मा,महामंत्री आर.के. निगम, प्रान्तीय संपेक्षक आर.के.वर्मा, संगठन मंत्री नागेन्द्र भूषण पांडे,संयुक्त मंत्री अजीत प्रताप सिंह यादव, प्रचार मंत्री आनंद कुमार सिंह आदि शामिल रहेद्य

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा नेताओं के मुकदमा वापसी पर विरोध प्रदर्शन करेगी अधिकार सेना

संवाददाता, लखनऊ। अधिकार सेना मौजूदा प्रदेश सरकार द्वारा भाजपा नेताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमों को वापस लिए जाने के विरोध में प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन करेगी। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने कहा कि जहां एक ओर सत्ताधारी पार्टी के लोग दिन-रात कानून व्यवस्था की बात करते हैं, वहीं आर के पटेल, रीता जोशी सहित तमाम भाजपा नेताओं के खिलाफमुकदमों को वापस लिया जा रहा है, जो स्पष्टतया आपत्तिजनक है। आर के पटेल पर डकैतों को संरक्षण देने का आरोप है जबकि रीता जोशी के खिलाफ तत्कालीन तहसीलदार ने सरकारी जमीन के हेराफेरी का एफआईआर दर्ज कराया था। यदि इस प्रकार के गंभीर मामलों में मुकदमे वापस हो रहे हैं तो यह निश्चित रूप से कानून व्यवस्था का मखौल है। अमिताभ ठाकुर ने कहा कि अधिकार सेना इसके विरोध में आगामी प्रदेश स्तरीय विरोध प्रदर्शन करेगी।

### श्री राम ग्लोबल स्कूल मे बच्चों का ग्रेजुएशन डे मनाया गया

संवाददाता, लखनऊ। श्री राम ग्लोबल स्कूल में किंडरगार्टन के बच्चों का ग्रेजुएशन डे मनाया गया। इन नन्हे ग्रेजुएट्स को प्री स्कूल से विदा करने के लिए प्री नर्सरी, नर्सरी व कक्षा एक के छोटे बच्चों नें एक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पूरे कार्यक्रम में केजी के बच्चों नें थैंक यू सॉंग जैसे कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण कर अपनी टीचर्स के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शहर के जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार विद्यालय की विद्यालय की प्रधानाचार्या नें बच्चों के सम्पूर्ण विकास में शिक्षा के योगदान और उसके महत्त्व के विषय में अपने विचार व्यक्त किये। प्रोग्राम का समापन कक्षा एक के बच्चों नें अपनी रोमांचक नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से किया। के.जी के सभी बच्चों को 'रोल ऑफऑनर' एवं 'सर्टिफिकेट्स' देकर सम्मानित भी किया गया।

### नगर आयुक्त ने विशेष सफाई अभियान चलाकर लोगों को किया गया जागरूक, लोगों की सुनी समस्याएं

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह द्वारा शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देने व साफ- सफाई व्यवस्था को लेकर जोन (4) के वार्ड चिनहट द्वितीय का निरीक्षण कर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। नगर आयुक्त के साथ इस अभियान में अन्तर्गत सुनील मिश्रा संयोजक स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति लखनऊ, शैलेन्द्र वर्मा पार्षद चिनहट द्वितीय वार्ड सहित जोनल अधिकारी जोन (4) के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। साथ ही वार्ड अंतर्गत बड़ा भरवाड़ा गांव के निरीक्षण में स्थानीय लोगों की समस्याओं को सुना। साफ-सफाई कराए जाने के साथ फॉगिंग कराए जाने के निर्देश संबंधित जोनल सेनेटरी अधिकारी एवं कार्यदाई संस्था को दिए गए। साथ ही पेय जल आपूर्ति को बेहतर करने व पानी की टंकी की सफाई कराए जाने के निर्देश जीएम जल कल को दिए गए। बड़ा भरवाड़ा स्थित पार्क में नगर आयुक्त संयोजक स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति एवं पार्षद शैलेन्द्र वर्मा सहित अन्य सभी ने विशेष रूप से पार्क की साफ- सफाई स्वयं झाड़ू लगाकर की। साथ ही लोगों को भी इस विशेष अभियान के तहत स्वच्छता कमेटी बना कर साफ- सफाई व्यवस्था को बरकरार रखने में अपना योगदान दिए जाने का अनुरोध किया गया। वहीं पार्क में लाइटिंग की व्यवस्था में सुधार कर पार्क के सुंदरीकरण कराने को कहा है।

### सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन, 17 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर किया गया

संवाददाता, लखनऊ। जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने बताया कि जनपद की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। जिसको लेकर तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में करने को कहा है। साथ ही सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का वरिष्ठ अधिकारी मौके पर जाकर जांच कर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने को कहा है। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 60 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 17 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। वहीं सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 60 में से 17 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 52 में से 7 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 127 में से 37 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 94 में से 11 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 75 में से 05 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। पुलिस 59, राजस्व एवं पुलिस संयुक्त 2, राजस्व 191, विकास 19, शिक्षा 1, नगर निगम 7, समाज कल्याण 11, चिकित्सा 2 तथा अन्य 116 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए है।

## उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल से खोले जाएंगे 85 नए स्कूल, सरकार को भेजा गया प्रस्ताव

संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र 2023- 24 में 85 नए स्कूल खोले जाएंगे। इन नए खुलने वाले स्कूलों में शिक्षकों के पद भी सृजित होंगे। इसके लिए अपर निदशेक केके गुप्ता की ओर से सरकार को प्रस्ताव भेजा गया है। प्रदेश में खुलने वाले 85 नए स्कूलों में सबसे ज्यादा पीलीभीत में 6, संतकबीर नगर में 5, बदायूं में 4, गाजियाबाद, बलिया, देवरिया, रायबरेली, लखीमपुर खीरी और रामपुर में तीन-तीन सरकारी स्कूल खोले जाएंगे। प्रयागराज और प्रतापगढ़ में एक-एक स्कूल खोले जाएंगे। इन नए 85 स्कूलों के में शिक्षकों के 1315 पद सृजित किए जाएंगे।अभी प्रदेश के 22 से अधिक सरकारी स्कूलों में 9463 और सहायक शिक्षक के 19300 पद सृजित हैं।10वीं तक के 13 स्कूलों में हिसाब से सात सहायक अध्यापक एलटी ग्रेड के हिसाब से 91, जबकि 72 इंटर कॉलेजों में 17 पद सृजित किए जाएंगे। इनमें 10 प्रवक्ता और सात सहायक शिक्षक शामिल होंगे। 72 इंटर कॉलेजों में 17 शिक्षकों के हिसाब से 1224 पद सृजित किए जाएंगे। कुल 1315 पद सृजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ऐलान के अंतर्गत 53 सरकारी इंटर कॉलेज और एक पंडित दीनदयाल मॉडल इंटर कॉलेज खोला जाएगा।18 सरकारी इंटर कॉलेज और 13 हाईस्कूल पीएम जनविकास कार्यक्रम के तहत खोले जाएंगे। जब तक इनमें शिक्षकों की भर्ती नहीं की जाती तब तक दूसरें स्कूलों के शिक्षकों को यहां भेजकर कक्षाएं चलाई जाएंगी। शिक्षा निदेशक महेन्द्र देव ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश दिया है कि दूसरे स्कूलों से इन नए खुलने वाले स्कूलों में हाईस्कूल में दो सहायक शिक्षक और एक शिक्षेत्तर कर्मचारी, जबकि इंटर कॉलेजों में दो प्रवक्ता, दो सहायक शिक्षक और एक शिक्षेत्तर कर्मचारी को भेजा जाए।

## यूपी एटीएस के हाथ लगी बड़ी सफलता

### हथियार तस्करी के आरोप में दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

संवाददाता




लखनऊ। उत्तर प्रदेश आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने दूसरे राज्यों से भारी मात्रा में अवैध हथियार लाकर आजमगढ़ और आसपास के जिलों में बेचने के आरोप में दो लोगों को शनिवार को गिरफ्तार किया। उत्तर प्रदेश पुलिस के एटीएस ने एक बयान में यह जानकारी दी।

एक आधिकारिक बयान में बताया गया कि एटीएस ने गुप्त सूचना के आधार पर राम शब्द यादव और संजय यादव को पकड़ा, जो दूसरे राज्यों से अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त में शामिल थे। एटीएस ने बताया कि आजमगढ़ की एटीएस फील्ड यूनिट ने मध्य प्रदेश से अवैध हथियार ला रहे रामशब्द यादव और उसके सहयोगी संजय यादव को गिरफ्तार किया और उनके पास से .32 बोर की 10 अवैध पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और गोलियां बरामद कीं। उसने बताया कि आरोपियों के पास से दो मोबाइल फोन, एक कार और 2,700 रुपये नकद भी बरामद किए गए। बयान के मुताबिक गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफभारतीय दंड संहिता और शस्त्र कानून की प्रासंगिक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। एटीएस ने बताया कि रामशब्द यादव के खिलाफ आजमगढ़ और मऊ के विभिन्न थानों में 31 मामले और संजय यादव के खिलाफ एक मामला दर्ज है।

## लखनऊ में दो दिवसीय नेशनल टैक्स कांफ्रेंस गोमती ज्ञान प्रवाह का शुभारम्भ

संवाददाता, लखनऊ। इनकम टैक्स बार एसोसिएशन लखनऊ व आल इंडिया फेडरेशन ऑफटैक्स प्रैक्टिशनर (मुंबई द्वारा आज लखनऊ के होटल हिल्टन गार्डन इन्, विभूति खंड, गोमती नगर में दो दिवसीय टैक्स कांफ्रेंस का आयोजन किया गया स कांफ्रेंस का उद्घाटन न्यायमूर्ति सुप्रीम कोर्ट राजेश बिंदल द्वारा किया गया व् साथ में माननीय मुख्य न्यायमूर्ति इलाहबाद उच्च न्यायालय पी. दिवाकर, न्यायमूर्ति इलाहबाद उच्च न्यायालय पी. दिवाकर, न्यायमूर्ति इलाहबाद उच्च न्यायालय रमेश सिन्हा, न्यायमूर्ति इलाहबाद उच्च न्यायालय डी.के उपाध्याय, न्यायमूर्ति इलाहबाद उच्च न्यायालय इरशाद अली, न्यायमूर्ति इलाहबाद उच्च न्यायालय पियूष अग्रवाल जी, आईटीबीए के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज घिया, के अध्यक्ष आर पी तिवारी, कांफ्रेंस के चेयरमैन के के दीक्षित, देश के विभिन्न शहरो से आये टैक्स प्रोफेशनल्स, व्यपार संघटन के सदस्य व देश के जाने माने विषय विशेषज्ञ उपस्थित रहे, दो दिवसिय इस सेमिनार में 6 टेकनीकल सेशन रखे गए है जिनमे आयकर व जी.एस.टी की तमाम कानूनी पेचेदिगियों,विसंगतियो पे विषय विशेषज्ञ द्वारा चर्चा की जाएगी व उसका एक प्रतिवेदन सरकार को भी भेजा जायेगा ताकि व्यापारी व टैक्स पेयर्स को आने वाली समस्याओं का समाधान किया जा सके,मुख्य अथिति न्यायमूर्ति राजेश बिंदल द्वारा आयोजन की सराहना की गई व् ये भी कहा गया कि समय समय पर ऐसे आयोजन होतें रहने चाहिए ताकि कानूनी समस्याओं का समाधान निकलता रहे ताकि देश के करदाताओ को परेशानियो का सामना ना करना पड़े,विषय विशेषज्ञ के रूप में श्री जे के मित्तल, डॉ. राकेश गुप्ता, जमुना शुक्ला, नारायण पी जैन, हेमंत मोड़, आशीष कपूर, अरविन्द शुक्ला, आनंद पसारी, डॉ नवीन रत्न, एच एल मदान, संदीप अग्रवाल, अनिल श्रीवास्तव, रघुबीर पुनिया, रजत मेहरा, राजेश मेहता, अनिल माथुर, जगदीश पंजाबी, आई. पी. पाण्डेय, डी डी चोपरा, बिमल जैन व् पंकज घिया द्वारा विभिन्न विषयों पे चर्चा की गई, कार्यक्रम में विभिन्न व्यापारिक संघटन, कॉर्पोरेट घराने, टैक्स प्रोफेशनल्स व करदाताओ द्वारा हिस्सा लिया गया व अपनी समस्याओं को विषय विशेषज्ञ के साथ साझा किया गया स टैक्स प्रैक्टिस में 60 वर्ष से ज्यादा का समय बिताने वाले 8 प्रोफेशनल्स को मुख्य अथिति द्वारा सम्मानित भी किया गया, आयोजकों द्वारा बताया गया कि संस्था द्वारा इस तरह के आयोजन देश के विभिन्न शहरो में लगातार किये जाते है तथा व्यापारियो और करदाताओ को आ रही कानूनी व व्यवहारिक समस्यओं को सरकार तक पहुचा कर उनका समाधान कराया जाता है, आईटीबीए और एआईटीबी लगभग 75 वर्ष पुरानी संस्थाएं है और इनका मुख्य उद्देश्य टैक्स कानूनों पर चर्चा करके उनकी कमियों को दूर कराना है ।

## नौ कोतवाली के प्रभारी बदले गए, चार भेजे गए पुलिस लाइन, एडीसीपी मध्य बनी मनीषा सिंह

संवाददाता, लखनऊ। लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट में नव कोतवाल समेत 15 पुलिस अधिकारियों के ट्रांसफर किए गए। चार थानेदारों को पुलिस आयुक्त ने लाइन हाजिर किया है। अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिणी से मनीषा सिंह को अपर पुलिस उपायुक्त मध्य बनाया गया। शशांक सिंह को पीडीसीपी दक्षिणी प्रकाश चंद्र अग्रवाल को यातायात से कैसरबाग एसीपी बनाया गया। लखनऊ कमिश्नरेट में प्रशांत मिश्रा को थाना चौक से थाना महानगर का थानाध्यक्ष बनाया गया। केशव तिवारी को थाना महानगर से चौक भेजा गया। तेज बहादुर सिंह थाना पारा से थाना नाका भेजा गया। ब्रजेश द्विवेदी को नाका से लाइन भेजा गया। अंजनी कुमार मिश्रा को लाइन से सहादतगंज की तैनाती मिली है। सिद्धार्थ मिश्र को सहादतगंज थाने से लाइन भेजा गया।विनय कुमार अपराध शाखा से बीबीडी थाना प्रभारी बनाया गया। अतुल कुमार सिंह को बीबीडी से लाइन भेजा गया,नीतीश कुमार को पुलिस लाइन से थाना गुडंबा भेजा गया। आलोक कुमार राय को गुडंबा से लाइन भेजा गया, श्रीकांत राय को पुलिस लाइन से थाना पारा भेजा गया। प्रवीण कुमार सिंह को मदेयगंज से थाना दुबग्गा भेजा गया,दुबग्गा थानाध्यक्ष सुखवीर सिंह को लाइन भेजा गया। सुनील सिंह को कृष्णा नगर से मदेयगंज भेजा गया। अनूप को थाना चौक से अतिरिक्त निरीक्षक नाका बनाया गया। प्रदीप कुमार को अतिरिक्त निरीक्षक थाना चौक बनाया गया।

# दवा व्यापारी रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले

## ई फार्मेसी पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

❑ राजनाथ सिंह व्यापार मंडल के होली मिलन समारोह में हुए शामिल

संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ के रिटेल केमिस्ट उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रांतीय अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की गई। राजधानी के रिटेल दवा व्यापारियों ने रक्षा मंत्री को ई फार्मेसी के कारण प्रभावित हो रहे हैं रिटेल केमिस्ट के व्यापार को बचाने की मांग करने के साथ ज्ञापन दिया। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने रक्षा मंत्री से कहा प्रदेश एवं देश में अनेक बड़ी विदेशी और देसी कॉर्पोरेट कंपनियों द्वारा ऑनलाइन फार्मेसी द्वारा ड्रग एवं कॉस्मैटिक कानून की लगातार अवहेलना की जा रही है। उनके द्वारा ई फार्मेसी के माध्यम से आपूर्ति की जा रही दवाइयों ने न केवल देश के करोड़ों थोक और खुदरा केमिस्टों के व्यापार को बुरी तरह प्रभावित किया है। बल्कि उपभोक्ता विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने के कारण भारतीय उपभोक्ताओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को खतरे में डालते जा रहे हैं। देश मे दवाओं का निर्माण, आयात, बिक्री और वितरण औषधि और प्रसाधन सामग्री कानून और नियमों द्वारा नियंत्रित होता है।इस अधिनियम के नियम कड़े हैं और न केवल प्रत्येक आयातक, निर्माता, विक्रेता या दवाओं के वितरक के लिए एक वैध लाइसेंस होना अनिवार्य है। बल्कि यह भी अनिवार्य है कि सभी दवाओं को केवल एक पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा ही दिया जाए। ई-फार्मेसी मार्केटप्लेस हमारे देश के कानून की खामियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। बिना डॉक्टर के पर्चे के दवाएं बेचकर और पंजीकृत फार्मासिस्ट के बिना दवाओं का वितरण करके निर्दोष भारतीय उपभोक्ताओं के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।

ई फार्मेसी, टाटा 1एमजी, नेटमेड्स और अमेजॅन फार्मेसी जैसे ई- फार्मेसी मार्केटप्लेस इन घोर उल्लंघनों में सबसे आगे हैं। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने रक्षा मंत्री से कहा इस संबंध में आपकी अध्यक्षता में गठित मंत्रियों के समूह कमेटी की सिफारिशों को लागू करने की मांग की है। रक्षा मंत्री से मिलने वाले में राजधानी के उत्तर प्रदेश दवा आदर्श व्यापार मंडल के प्रभारी कमेटी क सदस्य मनीष पांडे, विवेक गुप्ता ,अमित अग्रवाल, उमाकांत गुप्ता, दिनेश कुमार,अभिषेक चंद, वीरेंद्र सिंह, रविंद्र सचान ,अशोक यादव सोनू यादव, विनोद सिंह मुख्य रूप से शामिल रहे।



# राष्ट्र को मजबूत बनाने में एनएसएस के स्वयं सेवक की महती भूमिका- मंडल अध्यक्ष

## ऋषिराज सिंह महाविद्यालय में एनएसएस कैम्प का आयोजन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

सुल्तानपुर। कटका खानपुर में स्थित ऋषिराज सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से चल रहे प्रशिक्षण शिविर में प्राष्ट्र निर्माण में एन.एस.एस की भूमिकाष्विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी ने मां सरस्वती पूजन अर्चन के साथ शुरू किया। संगोष्ठी में स्वयंसेवकों को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता अनुराग द्विवेदी ने कहा किष् बेहतर एवम सशक्त राष्ट्र की धुरी राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक ही हैं,इन्हीं युवा छात्र छात्राओं के द्वारा ही बेहतर राष्ट्र का निर्माण हो रहा है। अपने राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रशिक्षण के दिनों की यादों के संस्मरण को साझा करते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी को मात देकर समूची मानव जाति को बचाने में एन.एस.एस द्वारा प्रशिक्षित युवाओं की ही अहम भूमिका रही है ऐसे में आवश्यकता है कि आप सभी विद्यालय में प्रशिक्षण के दौरान जो कुछ भी सीखें उसे अपने जीवन में सकारात्मक सोच के साथ उतारें और आपको देखकर आप जिस गांव में जा रहे हैं उस गांव के लोग कितना प्रेरित हो रहे हैं यही आपकी असली सफलता है और तभी एक सच्चे स्वयंसेवक बनकर राष्ट्र को मजबूत बनाएंगे। अपने वक्तव्य के अंत में सभी प्रशिक्षुओ को राष्ट्र के प्रति निष्ठा के साथ सेवा करने की शपथ भी दिलाई।इसके पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनोद कुमार यादव , एवम कार्यक्रम अधिकारी डॉ. कुलदीपक पांडे ने संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ के अयोध्या मंडल अध्यक्ष अनुराग द्विवेदी एवम विशिष्ट वक्ता अंजनी तिवारी (फाउंडर गांव देहात मीडिया) का स्वागत पुष्प एवम अंगवस्त्र के साथ स्मृति चित्र भेंट करते हुए किया।संगोष्ठी में विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित दिल्ली विश्वविद्यालय के एन.एस.एस विभाग की ओर से सम्मानित युवा पत्रकार अंजनी तिवारी ने कहा किप्राष्ट्रीय सेवा योजना सच मायने में युवा छात्र छात्राओं को बेहतर नागरिक बनने का प्रशिक्षण प्रदान करता है जिससे युवा अपने रुचि के अनुसार विभागों में सफल होकर पूरी ईमानदारी एवम निष्ठा के साथ राष्ट्र की सेवा करते हैं।ष्उन्होंने प्रशिक्षुओं को एन.एस.एस के उद्देश्यों एवम कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि पूरे देश में करोड़ों की संख्या में विद्यालयों,विश्वविद्यालयों में राष्ट्रीय




सेवा योजना के स्वयंसेवक सक्रिय होकर देश की सेवा कर रहे हैं। महाविद्यालय में संगोष्ठी के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.कुल दीपक पांडेय ने भी छात्र छात्राओं को संबोधित किया।ऋषिराज महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.विनोद यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए उपस्थित छात्र छात्राओं को शुभकामनाएं भेंट की।संगोष्ठी का संचालन एन.एस.एस के विनोद यादव द्वारा किया गया।इस अवसर पर कालेज के डा.विनोद यादव, नम्रता सिंह,दिव्या सिंह आदि शिक्षक गण एवम छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# 6 फीडरों की विद्युत आपूर्ति ठप, लोगो को करना पड़ रहा खासा परेशानियों का सामना

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



महराजगंज, रायबरेली। विद्युत कर्मियों के हड़ताल पर जाने से शुक्रवार से 4 फीडरों पर फाल्ट के चलते विद्युत आपूर्ति बाधित रही, तो वहीं रविवार को भी 33 केवीए लाइन का फाल्ट कर्मियों के हड़ताल पर रहने से ठीक नही हो सका। विद्युत उपकेन्द्र सहित सब स्टेशनों के सभी 6 फीडरों पर विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। विद्युत आपूर्ति बाधित होने के कारण क्षेत्र के लोगो को खासा परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को भी क्षेत्र के हलोर, पाराकला, हरदोई व डेपारमऊ फीडरों की सप्लाई बाधित रही तो वहीं 33 केवीए में फाल्ट होने से उपकेन्द्र सहित सभी फीडरों पर आपूर्ति बाधित रही। जिससे पूरा का पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा हुआ है। बिजली कटौती से अब आम लोगों को पीने के पानी की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। घरों में लगे सबमर्सिबल पंप ठप्प पड़ गए हैं। पीने के पानी व नहाने धोने के लिए गांव में लोग इंडिया मार्का हैंडपंप का सहारा ले रहे हैं।

# क्योटा फाउंडेशन ने सृजन एक सोच के साथ मिल एडुओप्स एप्प किया लांच

## सृजन एक सोच ने दस बच्चों को लिया गोद, दिलाएंगे उच्च शिक्षा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

राठ, हमीरपुर। सामाजिक क्षेत्र में काम कर रही संस्था सृजन एक सोच द्वारा कराए गए प्रतिभा खोज परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें चयनित 10 छात्रों को सृजन एक सोच द्वारा एल एम पी ग्रुप की मदद से कस्बे के बेहतरीन शिक्षण संस्थानों में उच्चतम शिक्षा तक निशुल्क शिक्षा दिलाई जाएगी। इस दौरान सृजन के कार्यों को ऑनलाइन और बेहतरीन तरीके से करने के लिए क्योटा फाउंडेशन की तरफसे तैयार किये गए एडुओप्स एप की भी लांचिंग की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ उपजिलाधिकारी पवन प्रकाश पाठक, तहसीलदार प्रमित सचान , बृजरानी हॉस्पिटल की संचालिका डॉ संतोष सिंह व विधायक प्रतिनिधि भारत अनुरागी ने किया। जानकारी देते हुए संस्था के रविन्द्र कुमार ने बताया कि सृजन एक सोच द्वारा क्षेत्र के गाँवों के 40 सरकारी विद्यालयों में ग्रामीण प्रतिभा खोज परीक्षा कराई गई थी।जिसका रिजल्ट आज रविवार को घोषित किया गया। जिसके तहत 10 बच्चों को सृजन के द्वारा शहर के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय और कोचिंग में दाखिला कराया जायेगा।और इस कार्य को करने में एलएमपी ग्रुप के उल्लास ,सौम्य सेन व बलबीर बोरा सहयोग करेगें। बताया कि इस प्रोग्राम में इंडस वैली पब्लिक स्कूल और क्रेस्ट फॉर एजुकेशन का भी सहयोग रहेगा। इस परीक्षा में प्राथमिक विद्यालय बकरई के छात्र यूनुस मोहम्मद ने प्रथम स्थान, प्राथमिक विद्यालय तुरना के अर्पित कुमार और अनुज ने क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान, प्राथमिक विद्यालय टोला के जावेद ने चतुर्थ एवं प्राथमिक विद्यालय इटायल की प्रतीक्षा ने पांचवां स्थान हासिल किया। इसी दौरान ऑनलाइन माध्यम से जुड़ते हुए क्योटा फाउंडेशन की सीईओ रेखा द्वारा सृजन के कामों की सराहना करते हुए एडुओप्स एप्प के लॉन्चिंग की शुभकामना दी और कहा कि सर्वश्रेष्ठ परफॉर्मेंस करने




वाले वॉलंटियर्स और प्रोग्राम एसोसिएट्स को पांच हजार रुपये भी क्योटा फाउंडेशन देगा। कार्यक्रम में आभार संस्था के कंट्री हेड विनय गुप्ता ने व्यक्त किया। इस दौरान शिवांक श्रीवास्तव,रवि गुप्ता,ब्रज किशोर सिंह चौहान, आदित्य सोनी, महेंद्र, नीलेश भूपेंद्र,पुष्पेंद्र गोविंद अग्रवाल, पारुल, प्रियंका राजनंदिनी, प्रशांत, बसंत आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शालिनी तिवारी ने किया।

# जूनियर शिक्षक संघ के चुनाव में राघवेंद्र यादव जिलाध्यक्ष व सियाराम सोनकर महामंत्री निर्वाचित

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

रायबरेली। जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की जनपद स्तरीय कार्यकारिणी का गठन और अधिवेशन का आयोजन किया गया। शहर के उच्च प्राथमिक विद्यालय चक अहमदपुर में जिला कार्यकारिणी के हुए चुनाव में सभी पदों के लिए उम्मीदवारों को निर्विरोध चुना गया। जिला स्तरीय कार्यकारिणी के हुए चुनाव में जिलाध्यक्ष राघवेंद्र यादव और जिला महामंत्री सियाराम सोनकर को चुना गया। वहीं, चुनाव में आए हुए सभी सदस्यों की सहमति से पूर्व जिलाध्यक्ष समर बहादुर सिंह को संगठन का संरक्षक चुना गया।

जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के हुए चुनाव में कोषाध्यक्ष शिवशरण सिंह, उपाध्यक्ष नगर क्षेत्र शांति अकेला, महिला उपाध्यक्ष साधना शर्मा, उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष उपेन्द्र नाथ बाजपेई, विक्रमादित्य सिंह, सुरेंद्र कुमार वर्मा, उत्तम सोनी, मंत्री पन्नालाल, संयुक्त मंत्री बचनेश नारायण मिश्र, नीलम सिंह पटेल, लक्ष्मी सिंह, शिव कुमार सिंह, संजीव कुमार श्रीवास्तव, रमेश कुमार, लेखाकार अब्दुल हलीम,



आय व्यय निरीक्षक सुनीता सिंह, जनपदीय प्रवक्ता सुनील कुमार यादव और मीडिया प्रभारी गयामणि पाल को चुना गया है। जिला स्तरीय कार्यकारिणी चुनाव के पर्यवेक्षक के रूप में उन्नाव के जिलाध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, महामंत्री अनुपम मिश्रा, उमेश मिश्रा और मंडलीय मंत्री रामबाबू सिंह रहे। पर्यवेक्षकों ने कहा कि जिला कार्यकारिणी का पूर्व में भी बेहतर कार्य रहा है और भविष्य में भी बेहतर कार्य करेगी। वहीं, शिक्षकों के हुए अधिवेशन में प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री शैलेष यादव, डीसी प्रशिक्षक नागेन्द्र सिंह, मुकुंद सिंह, मो इस्माइल आदि लोगों ने संबोधित किया। अधिवेशन का संचालन नीरज कुमार ने किया।इस मौके पर मंडलीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष डॉ. शिवसागर पाल, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, गौरव युवराज, सुरेश सिंह, रमेश सोनकर, लक्ष्मीकांत शुक्ला, वेद प्रकाश यादव, नीलम कुमारी मिश्रा, उमाशंकर चौधरी, देवदत्त यादव, दिनेश वर्मा, हरिओम सिंह, दीपक कुमार, राम सिंह पटेल, आशीष तिवारी, कुसमचंद्र, गिरजेश सिंह, अखिलेश कुमार, शशि देवी, किरण बाला श्रीवास्तव, बबीता, वंदना, डॉ. शारदा सिंह, रवि श्रीवास्तव, मेराज, रूपेश शुक्ला, अवनीश कुमार, सूर्य प्रकाश, राकेश मिश्रा, ईश्वरदीन, हरिकेश यादव, विनीत श्रीवास्तव, अश्विनी कन्नौजिया, घनश्याम, सुनील त्रिपाठी, अवनीश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# कृषि मेले में दी गयी किसानों को नई तकनीक की जानकारी

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता, राही, रायबरेली। क्षेत्र के किसानों को खेती की नई-नई तकनीकी समझाने और उनको फसलों की खास पहचान कराने के लिए किसान मेला का आयोजन किया गया। राही विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत जहानपुर कोडर में आयोजित किसान मेला और कृषि प्रदर्शनी में किसानों को विभिन्न विषयों के बारे में बताया गया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शैलेश यादव के नेतृत्व में आयोजित किसान मेले में क्षेत्र के हजारों किसानों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर नोडल अधिकारी डॉ0 एस0बी0 सिंह, सहायक नोडल अधिकारी डॉ0 दीपक मिश्रा तथा प्रोग्रामर अनिल कुमार और एफ्सी वेद प्रकाश ने किसानों को जागरूक किया। इस मौके पर अधिकारियों ने बताया कि किसानों के कौशल एवं दक्षता विकास करने में अहम योगदान देकर प्रयास किया जा रहा है। किसानों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ कृषि की नवीनतम तकनीकों की भी जानकारी प्रदान की जा रही है। इस किसान मेला के उद्यान प्रदर्शनी सह प्रतियोगिता कार्यक्रम में जिले के किसानों द्वारा उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया गया और सभी प्रगतिशील किसानों द्वारा अच्छे-अच्छे उत्पाद की प्रदर्शनी लगाई गई। इसके लिए किसानों को कृषि विभाग की ओर से हार्दिक सराहना एवं आभार व्यक्त किया गया।

# होली मिलन समारोह में पहुंचे ब्लॉक प्रमुख व विधायक ने क्षेत्रवासियों को दी शुभकामनाएं

## होली का पर्व हमारे देश की सज़्यता, संस्कृति व एकता का प्रतीक है - विधायक श्यामप्रकाश

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई ।टड़ियावां विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत रावल में ग्राम प्रधान सर्वेंद्र राव, पुरवा देवरिया में प्रधान अरविंद कुमार एवं बर्रा सराय में प्रधान गीता देवी व उनके पुत्र उदयराज द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्राम पंचायत रावल में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोपामऊ विधायक श्यामप्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख टड़ियावां रविप्रकाश का आयोजक रावल प्रधान सर्वेंद्र कुमार राव के साथ क्षेत्र की अन्य ग्रामों के प्रधानों द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। साथ ही प्रधान श्री राव द्वारा मुख्य अतिथि श्री प्रकाश को चांदी का मुकुट एवं ब्लॉक प्रमुख को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान विधायक श्याम प्रकाश ने क्षेत्र वासियों को होली की शुभकामनाएं दी और कहा होली पर्व हमारे देश की सभ्यता, संस्कृति व एकता का प्रतीक है,सौहार्द प्रेम, भाईचारा के साथ आपस में मिलजुल कर एकता का संदेश देता है। इस लिए बिना किसी भेदभाव के होली का त्योहार हर्षोल्लास पूर्वक मनाना चाहिए। ब्लॉक प्रमुख रविप्रकाश ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली खुशियों का त्योहार है,बुराई पर अच्छाई की जीत का त्योहार है,होली पर सभी लोग आपस में मिल जुलकर सभी शिकवे गिले दूर करते हैं। ग्राम पंचायत पुरवा देवरिया में होली मिलन कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य अतिथि विधायक श्याम प्रकाश एवं विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख रविप्रकाश का ग्राम प्रधान अरविंद कुमार व उनके सहयोगी प्रधान गण द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया, तत्पश्चात प्रधान अरविंद कुमार




द्वारा मुख्य अतिथि गोपामऊ विधायक व ब्लॉक प्रमुख रविप्रकाश को स्मृति चिन्ह भेंट किया। इसके बाद ग्राम पंचायत बर्रा सराय में प्रधान गीता देवी व उनके प्रतिनिधि उदयराज द्वारा मुख्य अतिथि विधायक श्याम प्रकाश व विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख रविप्रकाश का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान विधायक श्री प्रकाश व ब्लॉक प्रमुख ने क्षेत्र वासियों होली की शुभकामनाएं दी एवं आयोजक उदयराज का आभार व्यक्त किया।इस दौरान विधायक प्रतिनिधि लल्ला सिंह,मंडल अध्यक्ष टड़ियावां महेश गुप्ता, प्रधान संघ अध्यक्ष अविनाश त्यागी,कमलेश अवस्थी, डा. रामलखन गुप्ता अनुज,प्रधान विनोद पाल,सुशील शर्मा बंटे,मोनू गाजी, पुष्पेंद्र वर्मा,रामसजीवन वर्मा,मोनू सिंह गुरसंडा,आलोक गुप्ता,मनोज तिवारी, डा. रजनीश,रामकिशोर आदि क्षेत्र के ग्राम प्रधान व बीड़ीसी सदस्य के साथ क्षेत्र के सम्मानितगण लोग मौजूद रहे।

# कैटल शेड में भ्रष्टाचार की सीएम से हुई शिकायत, बीडीओ से लेकर तकनीकी सहायक पर आरोप

## लिखा- रिश्वत लेकर परिवार वाद को दिया बढ़ावा

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई। सुरसा विकास खंड में कैटल शेड के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। जहां रिश्वत लेकर परिवार वाद पॉलिसी को अपनाया गया है। बिना निर्माण कार्य कराए कैटल शेड का भुगतान किया जा चुका है। जिसमें तकनीकी सहायक, ग्राम विकास अधिकारी से लेकर बीडीओ पर भ्रष्टाचार करने का आरोप है। पीड़ित ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर मामले में जांच कराकर कार्यवाही की मांग की है। बताया गया कि सुरसा ब्लॉक के मतुआ व पहुंतेरा गांव में कैटल शेड के निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। एक ही घर में पिता -पुत्र और भाई को कैटल शेड दिया गया है। साथ ही घर पर ना रहने वाले एक व्यक्ति को कैटल शेड देने का आरोप है। सुरसा के मतुआ निवासी पीड़ित अजेंद्र विक्रम सिंह ने मुख्यमंत्री से शिकायत की है। जिसमें आरोप है कि सांडी विधानसभा के सुरसा ब्लॉक में कैटल शेड के नाम पर जमकर भ्रष्टाचार किया गया है। जिसमें रिश्वत लेकर परिवार वाद पर जोर दिया गया है। बिना निर्माण कराए कैटल शेड का भुगतान किया जा चुका है। साथ ही अपात्र लोगों को रेवड़ी की तरह पात्र बनाया गया है और उनको कैटल शेड आवंटित किए गए है। अपात्रों से 5 हजार रूपये की रिश्वत लेकर सब ठीक करने का आरोप है। पत्र में लिखा है कि खंड विकास अधिकारी डॉ. राम प्रकाश, ग्राम विकास अधिकारी प्रेमपाल अरूण और तकनीकी सहायक कुलदीप दीक्षित ने भ्रष्टाचार किया है। साथ ही इन्हीं की शह पर रिश्वत लेकर बिना निर्माण कराए सभी का पेमेंट किया गया है। जिससे सरकार के लाखों के राजस्व का नुकसान कर धन का दुरूपयोग किया गया है। मुख्यमंत्री से इन सभी बिंदुओं पर जांच कराकर पीड़ित ने कार्यवाही की मांग की है। फ्लिहाल इस तरह से मुख्यमंत्री से हुई शिकायत से विकास महकमे में हड़कंप है। साथ ही सुरसा ब्लॉक के ग्रामीणों में बिना कार्य कराए भुगतान से रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि ब्लॉक मुख्यालय पर बिना रिश्वत कोई कार्य नहीं होता है। जब पैसा दिया जाता है तो अपात्र को भी पात्र की श्रेणी में रखकर लाभ दिया जाता है।

# उर्दू शिक्षक की हरकत से नाराज राज्यमंत्री पहुंची विद्यालय, छात्राओं से की बात

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई । टोडरपुर ब्लाक के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में उर्दू शिक्षक पर लगे आरोपों को लेकर प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी काफी गुस्से में है। विद्यालय पहुंची राज्यमंत्री ने पहले तो वहां का बारीकी से निरीक्षण किया। साथ ही करीब एक सैकड़ा छात्राओं से उनकी बातें सुनते हुए कहा कि ऐसे लोगों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जाएगा। बताते चलें कि आवासीय बालिका विद्यालय में पढ़ रही करीब एक सैकड़ा छात्राओ के बीच उर्दू शिक्षक मुजीब खान पर कुछ छात्राओं ने आरोप लगाए थे कि उन्होंने उन लोगों से गलत-सलत हरकतें की,कुछ नहीं पढ़ाते, बल्कि फिल्मी गाने का अर्थ पूछते रहते थे। छात्राओं ने यह भी बताया कि उनका हाथ पकड़ कर खींचते हैं और प्यार मोहब्बत और पिया का अर्थ पूछते थे। जिसकी सूचना उन्होंने बीईओ



शालिनी गुप्ता को दी।बीईओ ने छात्राओं से बातचीत कर बीएसए डा.विनीता को सब कुछ बता दिया। बीएसए की रिपोर्ट पर डीएम एमपी सिंह ने एसडीएम सण्डीला आईएएस दिव्या मिश्रा के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित की,जो जांच कर रही है। वहीं इसका पता होते ही प्रदेश की उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी शनिवार को विद्यालय पहुंचकर वहां की छात्राओं से पूछताछ की, उसके बाद बड़ी बारीकी से परिसर का निरीक्षण किया। छात्राओं के बीच पहुंची राज्यमंत्री श्रीमती तिवारी ने उनसे उन सारी बातें सुनी जो उर्दू शिक्षक किया करता था। राज्यमंत्री ने साफ कहा कि ऐसे शिक्षक को कतई कोई छूट नहीं दी जाएगी। इस बीच एसडीएम शाहाबाद धीरेंद्र श्रीवास्तव,बीईओ टोंडरपुर शालिनी गुप्ता और बीडीओ रामप्रताप पाण्डेय आदि लोग मौजूद रहे।

### पंचायत भवन के सीसी टीवी कैमरे तोड़ने व प्रधान को जान से मारने की धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। अराजकतत्वों द्वारा पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ने व प्रधान को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर एक नामजद व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के जसौली ग्राम पंचायत का है,जहां बीती 7 तारीख की रात पड़ोसी गांव का एक युवक अपने तीन साथियों के साथ पंचायत भवन पहुंचा और वहां लगे सीसी टीवी कैमरों को पत्थर मारकर तोड़ दिया, वहीं मामले से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जब ग्राम प्रधान ने युवक के घर पहुंचकर मामले की शिकायत की तो आरोप है कि युवक ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी, शनिवार की देर शाम ग्राम प्रधान शमशाद की तहरीर पर पुलिस ने महेन्द्र कुमार निवासी ललई का पुरवा व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है।

# टडियावां से हिमांशू व साखिन से रीना अवस्थी हुई निर्विरोध निर्वाचित




स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई टडियावां। साधन सहकारी समितियों में सभापति और उप सभापति के रविवार को हुए चुनाव में क्षेत्र की सभी 9 समितियों पर सभापति और उप सभापति के सभी दावेदार निर्विरोध निर्वाचित हुए है। ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत टडियावां स्थित साधन सहकारी समिति पर सभापति पद पर टडियावां कस्बे के रहने वाले पूर्व ब्लॉक प्रमुख व भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामकिशोर गुप्ता श्गुड्डूश् के बेटे हिमांशू गुप्ता निर्विरोध निर्वाचित हुए है। साधन सहकारी समिति साखिन रमुआपुर में सभापति के पद पर रीना अवस्थी निर्विरोध निर्वाचित हुई है। नवनिर्वाचित सभापति श्री मती अवस्थी यहां क्षेत्र के सरदारपुर निवासी पूर्व प्रधान कमलेश अवस्थी की पुत्र वधू है। इसी के साथ साधन सहकारी समिति कोटरा में सभापति के पद पर संतोष गुप्ता दूसरी बार निर्विरोध निर्वाचित हुए है, साधन सहकारी समिति उनौती में सभापति के पद पर भाजपा नेता राजाबख्श सिंह के बेटे आशीष सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए है। उधर साधन सहकारी समिति ओदरा में सभापति के पद पर सिद्दीक निर्वाचित हुए। साधन सहकारी समिति पेंडा में सभापति के पद पर अजय प्रताप सिंह निर्वाचित हुए, इसके अलावा साधन सहकारी समिति अयारी में सभापति के पद पर दिनेश चंद्र निर्विरोध निर्वाचित हुए है, वहीं साधन सहकारी समिति हरिहरपुर में सभापति के पद पर रामऔतार बाजपेई निर्वाचित हुए है, जबकि साधन सहकारी समिति पूराबहादुर में सभापति के पद सर्वेश कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए है, निर्विरोध निर्वाचित हुए सभापति और उप सभापति को निर्वाचन अधिकारी प्रमाण पत्र दिया।

### सहकारिता चुनाव का प्रथम चरण संपन्न, अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों की निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। सहकारिता चुनाव का प्रथम चरण संपन्न हो गया। क्षेत्र की सहकारी समितियों में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पदों के लिए निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर ली गई। महराजगंज की सभी आठ व अमांवा की लोधवामऊ समिति में इन दोनों पदों पर मतदान की नौबत ही नहीं आई। क्योंकि दोनों पदों के लिए एक-एक उम्मीदवार की ओर से ही नामांकन कराए जाने की वजह से वे निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिए गए। रविवार को साधन सहकारी समिति लोधवामऊ कार्यालय पर अध्यक्ष पद के लिए भारत सिंह और उपाध्यक्ष पद के लिए नानक प्रसाद मिश्र ने नामांकन दाखिल किए। नामांकन दाखिल करने की समय सीमा समाप्त होने के बाद निर्वाचन अधिकारी ने दोनों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित कर दिया। चंदापुर सहकारी समिति में राजदेव सिंह अध्यक्ष व उपाध्यक्ष रामबहादुर चुने गए।टूक सहकारी समिति में शंकर बक्स सिंह अध्यक्ष व सुशील कुमार सिंह उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। कोटवा मोहम्मदाबाद समिति में तेज बहादुर सिंह अध्यक्ष व रामबहादुर उपाध्यक्ष चुने गए।साधन सहकारी समिति मऊ गर्वी दान बहादुर सिंह अध्यक्ष, श्याम सुंदर उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए।अतरेहटा समिति में बृजेश कुमार मौर्य अध्यक्ष,सुखनंदन उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। हलोर सहकारी समिति में विष्णु प्रताप सिंह अध्यक्ष,सूर्य प्रसाद उपाध्याय निर्वाचित हुए।

### कोचिंग जा रही छात्रा के साथ दबंग युवक ने की मारपीट, पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के निगोहा गाँव निवासी कोचिंग जा रही छात्रा के साथ दबंग युवक ने रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। मामला शनिवार का है, गांव निवासी रामभरोसे की पुत्री रीता दसवीं की छात्रा है, जो घर से कोचिंग करने जा रही थी, तभी आरोप है कि रास्ते में रोककर पूरे लाल गाँव निवासी युवक ने उसके साथ मारपीट की, देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रावेंद्र कुमार निवासी लाल का पुरवा के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है।कोतवाल बालेन्दु गौतम का कहना है कि रीता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# प्रेम और सद्भाव से मनाई गई फूलों की,होली

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

हरदोई । शाहाबाद कस्बे के एक मैरिज लान में जिला पंचायत सदस्य लालाराम राजपूत द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने एक दूसरे को गले मिल होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी ।कार्यक्रम से पूर्व सभी कलाकारों को तिलक लगाकर उनका मालाओं से स्वागत किया।कलाकारों ने बृज की होली,लट्ठमार होली और फूलों की होली का लुत्फ उठाया। मैरिज लॉन में सम्पन्न हुये होली मिलन समारोह के दौरान उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने कहा कि होली का त्यौहार राग द्वेष ईर्ष्या सामाजिक बुराइयों के अंत का त्यौहार है।होली का पर्व आपसी सौहार्द सामाजिक समरसता और भाईचारा को बढ़ावा देने वाला है। यह त्यौहार पौराणिक परंपराओं के अनुसार पूरे देश में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस त्यौहार ने देश में आपसी सौहार्द की मिसाल कायम की है।श्रीमती तिवारी ने कहा कि होली आपसी वैमनस्यता को खत्म करने वाला पर्व है।कार्यक्रम को ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्र ने सम्बोधित करते हुए कहा कि यह पर्व भाई चारे के प्रतीक है।समाज के सभी लोग आपस में बड़े प्रेम और हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।श्री मिश्र ने क्षेत्र से आए हुए हजारों लोगों को शुभकामनाएं देते हुए उनका आभार व्यक्त किया।जिला पंचायत लालाराम राजपूत ने अपने संबोधन में कहा कि होली का त्यौहार आपसी मिलन का त्यौहार है इसलिए सभी लोग आपस में एक रहकर एक दूसरे को सम्बल प्रदान करें यही उनकी कामना है। इस मौके पर टोडरपुर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि श्यामू त्रिवेदी,पिहानी ब्लाक प्रमुख कुशी बाजपेयी सहित नगर सहित ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा भाजपा नेताओं में अमित मिश्रा सहित ग्रामीण क्षेत्रों से आए हजारों लोग होली मिलन कार्यक्रम का हिस्सा बने और एक दूसरे को गले लग होली की शुभकामनाएं दीं कार्यक्रम में कलाकारों ने समां बांध दी। शामिल हुईं 13 ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधान,क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा भाजपा नेताओं में जिला महाहन्त्री सतेंद्र राजपूत,दीपक मिश्रा,राजेन्द्र मिश्र,मुरारी लाल गुप्ता,प्रधान संघ के अध्यक्ष शरद सिंह,हाकिम सिंह गुरुजी,अमित मिश्रा,संजय मिश्रा उर्फ बबलू,महेंद्र सिंह बाल्मीकि,मुकेश बाल्मीकि, अजित सैनी,विनोद राठौर,गंगाराम राठौर,श्रीप्रकाश गुप्ता,वेदराम राजपूत,दौलतराम राठौर,सुनील गुप्ता,धनंजय दीक्षित,आशीष अवस्थी,रामसनेही मिश्र,गोविंदराम दीक्षित सहित भारी संख्या में पुरुष और महिलाओं के अलावा बच्चे बूढ़े भी मौजूद रहे।



## गोमती मित्रों ने किया साप्ताहिक श्रमदान,कबड्डी टीम ने संभाली कमान

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



सुलतानपुर। गोमती मित्र मंडल द्वारा हर रविवार होने वाला साप्ताहिक श्रमदान सीता कुंड धाम पर रविवार को प्रात: 6रू30 बजे से शुरू हुआ अथक मेहनत के साथ 10रू00 बजे समाप्त किया गया, इस सप्ताह का साप्ताहिक श्रमदान गोमती मित्र मंडल परिवार की कबड्डी टीम के नेतृत्व में किया गया,जिसका मकसद मुख्य रूप से युवाओं को और खिलाड़ियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संदेश देना था, श्रमदान शुरू होने के पहले कबड्डी टीम ने सांकेतिक रूप से कबड्डी खेलते हुए वरिष्ठ मंडल के निरीक्षण में श्रमदान की शुरुआत की,प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह मदन एवं मीडिया प्रभारी रमेश महेश्वरी ने टीम द्वारा एक उद्देश्य के साथ किए गए साप्ताहिक श्रमदान की सराहना की, वरिष्ठ पदाधिकारी मुन्ना पाठक एवं दिनकर सिंह ने टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की, मुख्य रूप से जो खिलाड़ी उपस्थित रहे उसमें कबड्डी टीम के कोच राजकुमार सरोज, अर्जुन यादव,रोहित यादव, श्रेयांश,वैभव अग्रहरि,अर्पित यादव, आंचल तिवारी,शिवानी वर्मा,अलका अग्रहरि,अर्चिता अग्रहरि, प्रिया गुप्ता, यश सिंह,दीपू,अभय मिश्रा,रूद्र श्रीवास्तव,आराधना वर्मा अनिका, मोनी आदि।

## बिना परमिट बेखौफदौड़ रहे सैकड़ों डग्गामार वाहन, जिनसे आए दिन हुआ करते हैं एक्सीडेंट

संवाददाता, महराजगंज, रायबरेली। पुलिस और आरटीओ की खाऊं कमाऊ नीति के चलते क्षेत्र में सैकड़ों डग्गामार वाहन बिना परमिट के भूसा की तरह सवारी भर कर रोड पर बेखौफदौड़ रहे है। जिनसे आए दिन एक्सीडेंट हुआ करते है। आश्चर्य तो इस बात का है की इन वाहनों के न तो कोई कागज होते है और न ही इनके चालकों के पास लाइसेंस होता है।अधिकतर तो नाबालिक बच्चे इन्हे चला रहे है। किंतु मासिक कमाई के चक्कर में स्थानीय पुलिस प्रशासन सब कुछ जानकर भी अनजान बना रहता है। इसी के तहत रायबरेली सवारी भरकर जा रहा ऑटो अनियंत्रित होकर रायबरेली रोड पर हनुमान गढ़ी के पास पलट गया। जिसमें आटो चालक सहित 2 लोग घायल हो गए। जिनमें एक घायल की हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सको ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बताते चले की सवारी लेकर रायबरेली जा रहा ऑटो एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में हनुमानगढ़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया।जिसमें बेचूलाल (35) पुत्र हीरालाल निवासी लालगंज, कन्हैया लाल यादव (55) पुत्र भगवानदीन निवासी रानी का पुरवा व औसान (70) पुत्र परसादी घायल हो गए, ग्रामीणों की मदद से घायलो को सीएचसी लाया गया जहां चिकित्सको ने बेचुलाल की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में रिटायर्ड फौजी समेत 6 लोग घायल

संवाददाता,ऊँचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक रिटायर्ड फौजी समेत कुल 6 लोग घायल हो गये, जिसमें दो घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।पहली घटना नगर स्थित सीएचसी के निकट की है, जहां लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर रविवार की दोपहर बाद दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार रिटायर्ड फौजी दूधनाथ पाल 55 वर्ष निवासी आइमा जहनियाँ घायल हो गये, राहगीरों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी घटना सबीसपुर के निकट की है, जहां रविवार की दोपहर बाद लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर बाइक सवार यश मौर्या 10 वर्ष निवासी बहादुरगंज को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया, घटना में बाइक सवार मो आवेश 19 वर्ष, उनकी मां नूरजहां 55 वर्ष ,भाभी रुखसार 28 वर्ष व भतीजी रईसा 6 वर्ष घायल हो गये, सभी घायलों को एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद आवेश को जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल 6 लोग सीएचसी आये थे, जिसमें दो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## पंचायत भवन के सीसीटीवी कैमरे तोड़ने व प्रधान को जान से मारने की धमकी के मामले में मुकदमा दर्ज

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। अराजकतत्वों द्वारा पंचायत भवन में लगे सीसीटीवी कैमरों को तोड़ने व प्रधान को जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने प्रधान की तहरीर पर एक नामजद व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। मामला कोतवाली क्षेत्र के जसौली ग्राम पंचायत का है,जहां बीती 7 तारीख की रात पड़ोसी गांव का एक युवक अपने तीन साथियों के साथ पंचायत भवन पहुंचा और वहां लगे सीसी टीवी कैमरों को पत्थर मारकर तोड़ दिया, वहीं मामले से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जब ग्राम प्रधान ने युवक के घर पहुंचकर मामले की शिकायत की तो आरोप है कि युवक ने गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी, शनिवार की देर शाम ग्राम प्रधान शमशाद की तहरीर पर पुलिस ने महेन्द्र कुमार निवासी ललई का पुरवा व तीन अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। कोतवाल बालेन्दु गौतम ने बताया कि प्रधान की तहरीर पर केस दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## कोचिंग जा रही छात्रा के साथ दबंग युवक ने की मारपीट, पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के निगोहा गाँव निवासी कोचिंग जा रही छात्रा के साथ दबंग युवक ने रास्ते में रोककर उसके साथ मारपीट की, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है। मामला शनिवार का है, गांव निवासी रामभरोसे की पुत्री रीता दसवीं की छात्रा है, जो घर से कोचिंग करने जा रही थी, तभी आरोप है कि रास्ते में रोककर पूरे लाल गाँव निवासी युवक ने उसके साथ मारपीट की, देर शाम पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रावेंद्र कुमार निवासी लाल का पुरवा के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज किया है। कोतवाल बालेन्दु गौतम का कहना है कि रीता की तहरीर पर युवक के विरुद्ध मारपीट का मामला दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

## अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में रिटायर्ड फौजी समेत 6 लोग घायल

संवाददाता, ऊँचाहार, रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर हुई मार्ग दुर्घटनाओं में एक रिटायर्ड फौजी समेत कुल 6 लोग घायल हो गये, जिसमें दो घायलों को सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। पहली घटना नगर स्थित सीएचसी के निकट की है, जहां लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर रविवार की दोपहर बाद दो बाइकों की भिड़ंत में बाइक सवार रिटायर्ड फौजी दूधनाथ पाल 55 वर्ष निवासी आइमा जहनियाँ घायल हो गये, राहगीरों की मदद से उन्हें इलाज के लिए सीएचसी लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है। दूसरी घटना सबीसपुर के निकट की है, जहां रविवार की दोपहर बाद लखनऊ प्रयागराज मार्ग पर बाइक सवार यश मौर्या 10 वर्ष निवासी बहादुरगंज को टक्कर मारते हुए अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गया, घटना में बाइक सवार मो आवेश 19 वर्ष, उनकी मां नूरजहां 55 वर्ष ,भाभी रुखसार 28 वर्ष व भतीजी रईसा 6 वर्ष घायल हो गये।

## जिलाधिकारी द्वारा तहसील अकबरपुर के किसानों द्वारा की जा रही केले की खेती, गन्ने की खेती, तरबूज की खेती तथा उड़द की खेती का निरीक्षण

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



अंबेडकर नगर। जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा तहसील अकबरपुर के अंतर्गत सदरपुर में किसानों द्वारा की जा रही केले की खेती, गन्ने की खेती, तरबूज की खेती तथा उड़द की खेती का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा किसान अमरजीत द्वारा किए जा रहे तरबूज की खेती का जायजा लिया गया। किसान अमरजीत से वार्ता कर तरबूज की खेती से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी लिया गया। जिलाधिकारी महोदय द्वारा तरबूज की खेती में ड्रिप इरिगेशन का जायजा लिया गया।साथ ही साथ अन्य किसानों द्वारा उगाये गए केले , गन्ना तथा उड़द आदि के बारे में वार्ता किया गया तथा उनसे होने वाले लाभ के बारे में भी जानकारी लिया गया।किसानों ने अवगत कराया कि सबसे ज्यादा लाभ हम लोगों को केले की खेती से मिला है। निरीक्षण के दौरान कुछ किसानों द्वारा गन्ना मील से पर्ची न मिलने की शिकायत की गई। जिस पर जिलाधिकारी महोदय ने संबंधित अधिकारी को शीघ्र निराकरण किए जाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान किसानों के आर्थिक बढ़ावा हेतु जिलाधिकारी महोदय द्वारा उपस्थित किसानों को सुझाव दिया गया कि ड्रैगन फरूड तथा स्ट्रॉबेरी की खेती की शुरूआत किया जाए। किसानों द्वारा इस पर सहमति जताई गई।इस दौरान मौके पर जिला उद्यान अधिकारी, किसान इंद्रजीत पटेल, राधेश्याम जयराम तथा अन्य किसान उपस्थित रहे।

## भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पर एआरटीओ से अभद्रता काआरोप

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता



अंबेडकर नगर।बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा पर एआरटीओ को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगा है।एआरटीओ बीडी मिश्रा ने कहा कि बीजेपी नेता ने फोन करके धमकी दी है। इस मामले में एआरटीओ ने एसपी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। एसपी अजीत कुमार सिन्हा को दिए शिकायती पत्र में एआरटीओ ने बताया है कि वह 15 मार्च को वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान कई वाहनों को नियम के विपरीत मिलने पर ऑनलाइन चालान किया गया। उसी दिन शाम को मेरे मोबाइल पर बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष कपिलदेव वर्मा ने फोन कर गाली गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। एआरटीओ ने बताया कि वह कपिलदेव वर्मा की धमकी से काफी आहत और डरे हुए हैं। जबकि बीजेपी नेता कपिल देव वर्मा ने कहा कि उन्होंने एक वाहन के संबंध में जानकारी के लिए फोन किया था, लेकिन जान से मारने की धमकी नहीं दी। एसपी अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पूर्व जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा अक्सर विवादों में रहते है। पूर्व जिलाध्यक्ष का आलापुर तहसील के बिजली विभाग के एक कर्मचारी से विवाद हुआ था। साथ में हाल में ही अलीगंज थाने में सिपाही को गाली देने का वीडियो वायरल हुआ था।जिस पर एसपी के आदेश पर पूर्व जिलाध्यक्ष पर केस दर्ज हुआ है।

## उड़ान सेवा संस्थान ट्रस्ट द्वारा महिला ग्रामोद्योग उद्यमिता प्रोत्साहन शिक्षण प्रशिक्षण केन्द्र के तहत आत्म निर्भर भारत अभियान की शुरूआत

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अंबेडकर नगर। उड़ान सेवा संस्थान के अध्यक्ष ध् संस्थापक श्री शशांक द्विवेदी जी के कुशल दिशा निर्देशन मेंअकबरपुर अंबेडकरनगर में महिला ग्रामोद्योग उद्यमिता प्रोत्साहन शिक्षण- प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना किया गया और उड़ान सेवा संस्थान ट्रस्ट की कोषाध्यक्ष कुवअंशिका पाण्डेय जी,श्री सर्वेश दूबे जी और श्री समन्दर यादव जी के सहयोग से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। जिसमें रूई बत्ती, बरी , मोमबत्ती, तिलवा, सेठऊरा , राजगिरा लड्डू और अचार जैसे वस्तुओ को बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा । उड़ान सेवा संस्थान ट्रस्ट के द्वारा सबसे पहले महिलाओं को प्रशिक्षण के दौरान बरी का निर्माण कराया गया। अध्यक्ष जी ने बताया कि उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आत्म - निर्भर और स्वावलंबी बनाने




के लिए संस्थान के द्वारा यह पहला कदम उठाया गया है और आगे भी इसी प्रकार से प्रशिक्षण कार्यक्रम को आयोजित कराया जाएगा । जिससे महिलाएं भी शिक्षित, आत्म निर्भर और स्वावलंबी बनाया जा सके । भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा वोकल फॉर लोकल अभियान चलाया गया है और संस्थान के द्वारा बरी जैसे स्थानीय उत्पादों का प्रयोग कर उसका बड़े स्तर पर गर्व से प्रचार प्रसार किया जा रहा । इसमें संस्थान के द्वारा बहुत सी ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार के साधन भी उपलब्ध कराएं जायेंगें ।

## सरसों के खेत में गला रेतकर महिला को अज्ञात ने उतार दिया मौत के घाट

संवाददाता, बस्ती। बस्ती जिले के रुधौली,थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत सेमरा में शनिवार की सुबह लगभग 10 बजे सरसों काटने गई 50 वर्षीय महिला इलायची देवी पत्नी राम ललित यादव की गला काटकर हत्या कर दी गई। देर शाम इलायची देवी के घर ना आने पर परिजनों को किसी दुर्घटना आशंका हुई। लेकिन रुधौली पुलिस को सूचना नहीं दी गई आज सुबह खेत में जा रहे ग्रामीणों द्वारा सरसों के खेत में एक लाश देखा गया।इसकी सूचना परिजनों सहित रुधौली पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची रुधौली पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। सूचना पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी और अपर पुलिस अधीक्षक दीपेंद्रनाथ चौधरी सहित पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रीति खरवार ने परिजनों से मिलकर जरूरी जानकारियां जुटाया। मृतक के बेटे की तहरीर पर रुधौली पुलिस अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई कर रही है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि मृतक इलायची देवी के पति राम ललित यादव विदेश में कमाकर अपने परिवार की जीविकोपार्जन करते थे।

# मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय, गोरखपुर के अपर पुलिस महानिरीक्षक तक पहुंचा दिनेश कुमार उपाध्याय के कथित अपहरण का मामला

## जमीन की लालच में मेरे देवर की हत्या हो सकती है : नीलम

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

बस्ती । रूधौली थाना क्षेत्र के करमहिया निवासी दिनेश कुमार उपाध्याय के कथित अपहरण मामले में नया मोड आ गया है। शनिवार को दिनेश कुमार उपाध्याय की भाभी नीलम ने अपर पुलिस महानिरीक्षक गोरखपुर जोन और गोरक्षनाथ स्थित मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाया। कहा कि उसका देवर दिनेश ग्राम प्रधान महेन्द्र सिंह के चंगुल में है। उसकी सम्पत्ति का बैनामा कराकर उसके देवर के साथ कोई भी कृत्य हत्या तक किया जा सकता है। नीलम के अनुसार अपर पुलिस महानिरीक्षक और मुख्यमंत्री के शिविर कार्यालय से उसे न्याय की आश्वासन मिला है।

दिनेश कुमार उपाध्याय की भाभी नीलम पत्नी देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने पत्र में कहा है कि उसके देवर दिनेश कुमार उपाध्याय मंद बुद्धि के हैं उसका अपहरण कर उसके हिस्से की सारी जायदाद बिकवाकर कुछ लोग उसे गायब करा देना चाहते हैं। उसने अपने देवर की सुरक्षित बरामदगी की मांग किया।

करमहिया निवासिनी नीलम ने पत्र में कहा है कि उसके पति देवेन्द्र कुमार उपाध्याय की तबियत काफी खराब रहती है उसके देवर दिनेश कुमार उपाध्याय कम बुद्धि के है अकसर घर से बिना बताये चले जाया करते थे तथा किसी प्रकार उनको खोज कर घर लाया जाता था। कोरोना काल के पूर्व उसके देवर दिनेश कुमार उपाध्याय पुत्र रामशब्द बिना घर पर बताये चले गये तथा कोरोना में देश व्यापी बन्दी के कारण वापस नही आ सके । उनकी खोजबीन रिश्तेदारी एवम जान पहचान के माध्यम से करती रही परन्तु कुछ पता नही चला। पता चला कि उसके देवर दिनेश कुमार उपाध्याय वायड जिला अरवल्ली, गुजरात के एक संस्था जय अम्बे मंद बुद्धि महिला सेवा ट्रस्ट वायड में मौजूद हैं तब उसने अपने भाई अखिलेश जो बड़ौदा गुजरात में रहते है उनसे कहकर संस्था भेजा जहां अखिलेश को संस्था द्वारा अवगत कराया गया कि दिसम्बर 2022 में उसके गांव के प्रधान महेन्द्र सिंह पुत्र पटेश्वरी सिंह दिनेश कुमार उपाध्याय को अपनी जिम्मेदारी पर लेकर चले आये है। महेन्द्र सिंह से इस सम्बन्ध में पूछने पर महेन्द्र सिंह द्वारा साफतौर पर इन्कार कर दिया गया कि वह उसके के देवर दिनेश कुमार उपाध्याय को लेकर नही आये , नीलम के भाई द्वारा पुन: संस्था पर सम्पर्क करने पर संस्था द्वारा महेन्द्र सिंह द्वारा दिनेश कुमार उपाध्याय को लाने हेतु सभी साक्ष्य प्राप्त कराये तथा महेन्द्र सिंह से टेलीफोन से सम्पर्क करने का प्रयास किया परन्तु महेन्द्र सिंह ने संस्था द्वारा फोन का जवाब नही दिया गया। नीलम को अन्देशा है कि महेन्द्र सिंह उसके देवर का




अपहरण करके उनके हिस्से की सारी जायदाद बिकवा देना चाहते है और उसको गायब कर देना चाहते है। नीलम ने देवर दिनेश कुमार उपाध्याय के सम्बन्ध में महेन्द्र सिंह से जानकारी प्राप्त करते हुए देवर की बरामदगी सुनिश्चित कराने की गुहार लगाया है।

## अहमद इकबाल हॉस्पिटल एंड डायलिसिस यूनिट का हुआ उद्घाटन

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

गोरखपुर । अहमद इकबाल हॉस्पिटल एंड डायलिसिस यूनिट अबू बाजार उच्छवास के उद्घाटन के मौके पर गोरखपुर शहर के सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं साहित्यकार डॉ अजीज अहमद ने फीता काटकर के हॉस्पिटल एवं डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन किया । इस अवसर पर एक सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया डॉक्टर सारिका इकबाल ने बताया कि इसका उद्देश्य समाज में दिए जा रहे लोगों के निरंतर योगदान के लिए प्रोत्साहन प्रदान करना है ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अजीज अहमद ने कहा कि पृथ्वी पर ईश्वर का दूसरा स्वरूप होता है डॉक्टर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते




हुए उत्तर प्रदेश व्यापार कल्याण बोर्ड के उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री पुष्पदंत जैन ने कहा कि डॉक्टरों को निस्वार्थ भाव से सेवा करनी चाहिए विशिष्ट अतिथि के रूप में सौहार्द शिरोमणि डॉक्टर सौरभ पांडेय, भगवती प्रसाद जालान,संजय सिंघानिया,मनीष चंद्र वासियों, सूर्य प्रकाश पांडेय ने भी संबोधित किया इस अवसर पर डॉक्टर संजीव गुलाटी,सरदार जसपाल सिंह, राकेश श्रीवास्तव,शिवेंद्र पांडेय, डॉक्टर पी एन सिंह,फादर राय,हसन जमाल उर्फ बबुआ भाई,आमिर सामानी,सेराज कुरैशी,ताहिर अली सब्जपोश, डॉक्टर आफ्ताब,डॉ सदरूद्दीन वारसी,प्रमोद कुमार चोखानी, शहाब अंसारी काजी कलीम उल हक,डॉ मिर्जा आरिफ,डॉ तारीक, डॉक्टर मुनव्वर आदि को सम्मानित किया गया इस अवसर पर यासिर सामानी,मोहम्मद आकिब अंसारी, हाजी जलालुद्दीन कादरी, आरिफ सामाननी, डॉक्टर दिलशाद गोरखपुरी,आदिल अमीन, अनीश एडवोकेट ,शफी अंसारी, ताहिर अमीन, कुलदीप पाण्डेय आदि मौजूद रहे कार्यक्रम का संचालन मुर्तुजा हुसैन रहमानी ने किया सभी को अपना कीमती समय देने के लिए कार्यक्रम के संयोजक आसिफ इकबाल ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## यूपीतक उत्सव अयोध्या का उपमुख्यमंत्रियों के साथ अनूप चौधरी ने किया आगाज

स्टार एक्सप्रेस संवाददाता

अयोध्या । भाजपा के वरिष्ठ नेता व केंद्र सरकार में कई महत्वपूर्ण मंत्रालयों के सलाहकार सदस्य अनूप चौधरी यूपी तक उत्सव में उत्तर प्रदेश के दोनों उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य एवं श्री बृजेश पाठक जी के साथ यूपी तक उत्सव का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर किया। इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के हर मंडल में बहुत जल्द प्रदेश के युवाओं व जरूरतमंद लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने कि दिशा में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संकल्प आत्मनिर्भर भारत आत्मनिर्भर युवा बनाने के लिए काम करेंगे। साथ ही श्री चौधरी ने कहा यूपी तक उत्सव श्री अयोध्या धाम में होना और धर्म



संस्कृति हमारे आराध्य प्रभु श्री राम जी के जीवन पर चर्चा करना सौभाग्य की बात है। यूपी तक आज तक टीवी टुडे नेटवर्क के सभी साथियों को ह्रदय से बहुत बहुत शुभकामनाएँ एवं बधाई देता हूं।विदित हो कि इंडिया टुडे न्यूज ग्रुप के द्वारा अयोध्या की श्री राम की पैड़ी पर दो दिवसीय यूपीतक उत्सव का आयोजन किया गया,जिसमें उत्तर प्रदेश के दोनों डिप्टी सीएम के अलावा प्रख्यात कथावाचिका जया किशोरी, लेखक गीतकार मनोज मुंतसिर, कवित्री अनामिका जैन अंबर, कॉमेडियन अन्नू अवस्थी सहित राम जन्म भूमि के मुख्य अर्चक सतेंद्र शास्त्री, हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास व रामलला के पुजारी प्रदीप दास भी शामिल रहे।

CMYK

# महिला सशक्तिकरण का बहुत बड़ा उदाहरण जनपद में दिखाई दे रहा : वीके सिंह, राज्यमंत्री

## सांसद एवं राज्यमंत्री व जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा 200 टूल किटो का किया वितरण

संवाददाता

हापुड़। जनपद हापुड़ कलेक्ट्रेट सभागार में सांसद एवं राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा नागर के द्वारा एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत 200 टूल किट वितरण किए गए। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग ने मंत्री को अवगत कराया कि यह योजना मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई थी। जनपद हापुड़ के विकासखंड धौलाना के पिलखुवा क्षेत्र के अंतर्गत हैंड ब्लॉक प्रिंट का कारोबार बहुत समय से चला आ रहा है परंतु वर्तमान में नई तकनीकों के द्वारा बेडशीट की छपाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दो करोड़ के प्रोजेक्ट पर 20 लाख रुपए तक का लाभ लाभार्थियों को दिया जाता है। अब तक 435 इकाइयों को हमारे द्वारा लाभान्वित किया जा चुका है। टूल किट योजना के अंतर्गत लाभार्थी को 2000 रूपए का मानदेय भी दिया जाता है। कार्यक्रम में बोलते हुए जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने कहा कि मैं इस कार्यक्रम में उपस्थित जनों का स्वागत करती हूं । पिलखुवा में स्थित दोनों इंडस्ट्रीज का मैंने अवलोकन किया है इस टूल किट योजना के अंतर्गत लाभार्थी सशक्त बनेंगे और अपने कारोबार को बढ़ाएंगे । कार्यक्रम में बोलते हुए सांसद व राज्यमंत्री ने सभी लाभार्थियों को टूल किट वितरण कर बधाई देते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण का बहुत बड़ा उदाहरण इस जनपद में दिखाई दे रहा है।



# कैलास सरस्वती इण्टर कालेज का वार्षिक प्रगति पुस्तिका पुरस्कार समारोह आयोजित

संवाददाता




कानपुर। कैलास सरस्वती इण्टर कालेज कल्यानपुर में वार्षिक प्रगति पुस्तिका वितरण व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इण्डियन मेडिकल एशोसिएशन के अध्यक्ष डॉ0 पंकज गुलाटी ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में वर्ष भर में होने वाली पाठ्य सहगामी क्रियाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र ध् छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ0 पंकज गुलाटी ने बच्चों को बताया कि अपने जीवन में सफ्ल होने के लिये आवश्यक है अनुशासन व समय प्रबन्धन अगर हम सभी अनुशासित होकर समय को सदुपयोग करते हुये लक्ष्य पर ध्यान दे तो अवश्य सफ्लता प्राप्त होती है और हम लक्ष्य को हासिल कर सकते है। एक अनुशासनहीन व संस्कारहीन व्यक्ति कभी भी अपने लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकता है। आज के आधुनिक भारत में हमें पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ अपने आपको सामाजिक बनाना पड़ता है। पुरस्कार वितरण में आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में अंशिका प्रथम स्थान, प्राची द्वितीय स्थान व खुशी तृतीय स्थान को पुरस्कृत किया। इसी प्रकार मेहंदी प्रतियोगिता में सिया मिश्रा, ईशा गौतम व माही यादव को पुरस्कृत किया गया। शैक्षिक स्तर पर हर्षल यादव, पूर्णयांशी, परी शर्मा, हर्षिता चन्देल को पुरस्कृत किया।

# हापुड़ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस अधीक्षक को किया सम्मानित

संवाददाता, हापुड़। हापुड़ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के तत्वावधान में शनिवार को व्यापारियों ने लूटकांड के खुलासे व माल बरामदगी को लेकर एसपी,एसपी सहित अन्य अधिकारियों के फूलमालाओं से अभिनंदन कर स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। आपको बता दें कि 3 मार्च को लुटेरों ने देवेश गुलाटी के घर में घुसकर व्यापारी के परिवारजनों से तमंचे के बल पर बंधक बनाकर लूट की घटना को अंजाम दिया था पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए दो बदमाशों को मेरठ के नौचंदी फॉर्म का अरशद, लिसाड़ी गेट के फातिम गार्डन निवासी जावेद को गिरफ्तार किया था।सम्मान समारोह में एसपी अभिषेक वर्मा ने कहा कि वे हापुड़ के लिए दी गई प्रक्रियाओं से सम्मानित हैं। जनपद की सुरक्षा उनकी जिम्मेदारी है। किसी भी हालत में उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा । शनिवार को विभिन्न वाणिज्यिक अंगों के अधिकारियों ने कार्यक्रम आयोजित किया कर एसपी अभिषेक वर्मा, एसपी मुकेश मिश्र, सीआईओ सिटी अशोक सिसौदिया, थाना प्रभार संजय पांडे को स्मृति चिन्ह दिया गया। इस मौके पर नेता मनीष गर्ग नीतू, अमन गुप्ता, संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष ललित कुमार छावनी वालें, हापुड़ उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष विजपेंद्रसारी, कपिल शर्मा, संजय कृपाल, संजय गर्ग, प्रमोद गर्ग, दीपक गोयल, अशोक छारिया, दीपांशु गर्ग, व्यवसायी नेता संजय अग्रवाल, विवेक गर्ग अशोक बबली, गोविंद अग्रवाल, राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष अमित शर्मा टोनी, अमित शर्मा टोनी, प्रवीण सेठी, संजय डाबर, सुमित कंसल, राजीव गर्ग, सोनू बसल आदि व्यवसायी मौजूद रहे।




# वैकल्पिक व्यवस्था नाकाम होने पर सपाईयों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता




प्रयागराज। विद्युत विभाग द्वारा पूर्व घोषित हड़ताल और सरकारी तंत्र द्वारा प्रतिदिन यह बयान देने की वैकल्पिक व्यवस्था कर ली गई है, जो फर्जी रही और शहर के पुराने इलाकों के साथ तमाम ग्रामीण इलाकों में भी बिजली न रहने और पानी के न आने से त्राही-त्राही मची है, लेकिन बिजली विभाग के आलाधिकारी व प्रशासनिक स्तर के लोग जनता का फोन नं उठा रहे हैं। और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहे हैं। उक्त आरोप लगाते हुए समाजवादी पार्टी प्रयागराज के महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन व महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि ने सैकड़ों सपा नेताओं व अधिवक्ताओं के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पर नारेबाजी करते हुए ज्ञापन सौंप कर तत्काल प्रभाव से शहर के पुराने इलाकों में पटरी से उतरी बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ करने की मांग की। चेतावनी भी दी की अगर जल्द से जल्द जनहित को देखते चरमराई बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ नहीं किया गया तो सपाई जन आन्दोलन को बाध्य होंगे। महानगर अध्यक्ष इफ्तेखार हुसैन ने कहा पवित्र रमजान और नवरात्र करीब है, ऐसे में सरकार हठधर्मिता छोड़ कर बिजली कर्मचारियों की जायज मांगों पर विचार कर समस्या का समाधान करें। वहीं रवीन्द्र यादव ने कहा छोटा बघाड़ा, गोविंदपुर, शाहगंज, कल्याणी देवी, करैली, सब स्टेशन से जुड़े लगभग सैकड़ों मुहल्ले बिजली कटौती से प्रभावित हैं। लोगों को बिजली न रहने से जहां पानी की किल्लत हो रही है, वहीं लाईट न रहने के कारण मच्छर सोने नहीं दे रहे। लोगों की नींद हराम हो गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, रविन्द्र यादव, बृजेश यादव, किताब अली, लल्लन पटेल, विशाल निषाद एडवोकेट, शिवशंकर विश्वकर्मा, लालजी यादव, धीरेंद्र यादव, गुफरान मालिक, अमर कुमार, कपिल यादव, इरशाद अहमद, सागुल अहमद, सुनील यादव (सोनू), केके यादव, जय भारत प्रताप, अमित यादव, जफर अहमद आदि शामिल रहे।

# जिला अस्पताल मार्ग की व्यवस्था व सुरक्षा के समाधान की समाजसेवी स्वतंत्र पत्रकार विकास दयाल ने जिलाधिकारी से की मांग

संवाददाता



हापुड़। जनपद हापुड के मोदीनगर रोड से गांव दस्तोई को जाने वाले रास्ते पर स्थित शासन द्वारा बनाए गए जिला अस्पताल को जाने वाले मार्ग पर व्यवस्था व सुरक्षा का हवाला देते हुए विकास दयाल समाजसेवी स्वतंत्र पत्रकार ने जिलाधिकारी के नाम पत्र द्वारा मांग कि नगरिको को इस रास्ते पर रात में आने जाने में भारी मशक्कत का सामना पडता है।जिससे अस्पताल का स्टाफव मरीजों के साथ तिमारदार भी असुरक्षा की भावना ने घेर कर रखा है।आपसे विनम्र निवेदन है एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते उक्त समस्या का समाधान कराने की मांग की है क्योंकि पिछले साल सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए उद्घाटन किया गया था उस समय वहां उस मार्ग को प्रकाश व्यवस्था करते हुए मार्ग को रातो रात अच्छी तरह से बना दिया गया।

# सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित



संवाददाता, प्रयागराज। सीएमपी डिग्री कॉलेज में शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न हुआ स सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। अध्यक्ष डा.रजत श्रीवास्तव , उपाध्यक्ष डॉ. मोनिका सिंह एवं डॉ.आशीष मिश्रा, सचिव डॉ. प्रवीण सिंह उपसचिव डा. ऋतेश त्रिपाठी और कोषाध्यक्ष डॉ.राजेश कुमार यादव। चुनाव अधिकारी डा.अर्चना श्रीवास्तव एवं सहायक चुनाव अधिकारी डा. संतोष कुमार श्रीवास्तव थे। सभी पदाधिकारियों ने शपथ ली।

# सपा कार्यालय में स्व: मनीषा दीपक का 52 वां जन्मदिवस मनाया गया

संवाददाता, शुक्लागंज,उन्नाव। राजधानी मार्ग सब्जी मण्डी स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय वीरेन्द्र शुक्ला के निज निवास पर स्व: मनीषा दीपक का 52वां जन्म दिवस बड़े हर्षोलास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिला उपाध्यक्ष वीरेन्द्र शुक्ला ने कहा की स्व: मनीषा दीपक समाजवादी विचारधारा की नेत्री थी उन्होने समाज के गरीब तबके के लोगो को उठाने का कार्य किया। कार्यक्रम में उपस्थित समाजवादी पार्टी के निवर्तमान जिलाअध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह यादव ने कहा की उन्होने भूतपूर्व विधायक दीपक कुमार के द्वारा दिखाये गए समाजवादी पार्टी के दिशा निर्देशों का अनुसरण बखूबी किया और समाजवादी पार्टी की जीवन भर सदैव अनुयाई रही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित लोगों में नगर अध्यक्ष उमालाल यादव, राजन कनौजिया, पूर्वी देवी, रोहित साहू, मोहम्मद आजम, कल्लू कुशवाहा, धर्मेन्द्र सिंह, ललन ठाकुर, विशाल गौतम, सोना रावत, आदि रहे।



# 55 करोड छप्पन लाख रुपए के बजट से सवरेंगी गांवो की स्थिति

## जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीके सिंह की अध्यक्षता में हुई सदन की बैठक

संवाददाता



प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू सभागार में शनिवार को जिला पंचायत अध्यक्ष डा.वीके सिंह की अध्यक्षता में सदन की बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप से सांसद केशरी देवी पटेल,विधायक गुरु प्रसाद मौर्य, जिला पंचायत सदस्य कुसुम देवी, अरविंद विश्वकर्मा, उत्तम सिंह यादव, प्रमिला यादव, रोहित यादव, अभिषेक हिंदू, अशोक केसरवानी सहित अनेक जिला पंचायत सदस्य ब्लाक प्रमुख क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं जिला विकास अधिकारी अपर मुख्य अधिकारी अभियंता तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं और आवश्यकताओं पर ध्यान आकर्षित कराते हुए जल्द से जल्द निर्माण कर समस्या के समाधान करने का आग्रह किया। बैठक को संबोधित करते हुए फूलपुर सांसद केशरी देवी पटेल ने केंद्र प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बहुत ही जल्द अध्यापक नगरी अयोध्या एवं आध्यात्मिक अधिकारी चित्रकूट को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण पूर्ण होगा। उन्होंने न जाति न धर्म की जानकारी प्राप्त करते हुए देश के गरीब लोगों को मुफ्त राशन केंद्र व प्रदेश सरकार मुहैया करा रही है। उन्होंने आगे कहा कि देश के अंतिम व्यक्ति के स्वास्थ्य की चिंता करते हुए देश के प्रधानमंत्री ने जन औषधि केंद्र को अभियान चलाकर सभी जिलों में प्रारंभ किया जिसे गांव के लोग मोदी की दवा दुकान कहकर पेटेंट दवा को सस्ते दाम पर लेकर उसका लाभ उठा रहे हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष डा.वीके सिंह ने उपस्थित अधिकारियों से सदस्यों की और से उठाई गई। समस्याओं के निराकरण पर जवाब देने को कहा सभी सरकारी अधिकारियों ने सदस्यों को आश्वासन देते हुए उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही। बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष की कार्य योजनाओं के अनुमोदन पर विचार तथा वार्षिक अनुमानित शिखर पर भी विचार किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डा.वीके सिंह ने जिला पंचायत द्वारा बजट में 55 करोड छप्पन लाख रुपए शासकीय अनुदान प्राप्त होने के आशा में अनुमोदन प्राप्त कर बजट पास किया। आगे कहा कि गंगापार क्षेत्र में जल्द ही पशु मेडिकल कॉलेज का निर्माण प्रारंभ होगा आगामी महाकुंभ के पावन अवसर के पूर्व ही जिले की सभी सड़कों सहित अन्य सुविधाओं को दुरुस्त कर लिया जाएगा। उन्होंने ठेकेदारों को गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखने की चेतावनी भी देते हुए नियत समय के अंदर ही योजना को पूर्ण करने की बात कहते हुए सभी सदस्यों से मिलकर प्रयागराज के विकास में सहयोग करने का संकल्प लेने की बात भी कही।

## 4 गांजा तस्कर गिरफ्तार,ऑटो से ले जा रहे थे 5 लाख का गांजा

संवाददाता, कन्नौज। जिले में ऑटो पर गांजा ले जाने की जानकारी मुखबिर से मिली। जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने ऑटो को रोक लिया। पड़ताल के दौरान ऑटो में गांजे की पोटली मिली। जिसके बाद ऑटो में सवार 4 लोगों को पुलिस ने पकड़ लिया। मामले का खुलासा करते हुए कोतवाली प्रभारी राजकुमार सिंह ने बताया कि ऑटो में 43 किलो 250 ग्राम गांजा रखा था। जिसकी अनुमानित लागत 5 लाख बताई जा रही है। गांजे के साथ पुलिस ने कचहरी टोला मोहल्ले के रहने वाले मनीष गुप्ता, पकरिया टोला निवासी सुमित राठौर, हाजीगंज खुर्द निवासी मैनुददीन और अरारावारी मोहल्ला निवासी विकास कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। सभी की उम्र 27 से 30 वर्ष के बीच बताई गई है। कोतवाल राजकुमार सिंह ने बताया कि पूछताछ के दौरान युवकों ने मार्केट में गांजा की सप्लाई करने की बात स्वीकार की है। पकड़े गए मनीष गुप्ता समेत उसके साथियों पर पहले से भी सदर कोतवाली में केस दर्ज हैं। मनीष के खिलाफ आईटी एक्ट, धारा 307 और एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमे दर्ज हैं। सुमित राठौर पर धारा 606, 279, 337, 338, 427 के अलावा धारा 504, 506, 507 और एनडीपीएस के तहत केस दर्ज है।

## जीत का सबसे बड़ा योद्धा पन्ना प्रमुख : गणेश केसरवानी

संवाददाता, प्रयागराज। भाजपा महानगर अयक्ष गणेश केसरवानी के नेतृत्व में नगर निकाय के चुनाव को लेकर शक्ति केंद्रों के मायम से पन्ना प्रमुख बनाए जाने का अभियान मुट्ठीगंज मंडल से शुभारंभ किया गया इस अवसर पर भाजपा महानगर अयक्ष गणेश केसरवानी ने कहा कि हर चुनाव का असली जीत का योद्धा पन्ना प्रमुख होता है जिसके बल पर भारतीय जनता पार्टी का परचम देश और प्रदेश में लहर रहा है उन्होंने कहा कि नगर निकाय के चुनाव में जीत का असली हकदार हमारे पन्ना प्रमुख होंगे मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि नगर निकाय के मतदाता सूची के प्रत्येक पन्नो से एक पन्ना प्रमुख और 6 पन्ना प्रमुख बनाए जाएंगे और इसके लिए संगठन के द्वारा प्रत्येक मंडल में प्रवासी, शक्ति केंद्र के अल्पकालीन विस्तारक, प्रभारी एवं प्रवासियों की नियुक्ति की गई और आज यह अभियान मुट्ठीगंज, चौक,नैनी, मीरापुर, कीडगंज ,शिवकुटी, प्रीतम नगर, भारद्वाज, बेणी माधव ,सिविल लाइन, विश्वविद्यालय, राजरूपपुर, खुल्दाबाद, मंडल में भी पन्ना प्रमुख बनाने का कार्य जारी किया गया।

## अनाथालय से ली गयी बच्ची के साथ शिक्षक की पत्नी ने की हैवानियत

संवाददाता, प्रयागराज। आर्मी स्कूल में पढ़ाने वाले एक शिक्षक की पत्नी का हैवानियत रूप सामने आया है। उसकी हैवानियत को देख लोगों की रूह तक कांप उठी है। दरअसल शिक्षक की पत्नी ने अनाथालय से ली गयी एक सात साल की बच्ची की बर्बरतापूर्वक पिटाई करने के बाद उसको कई बार उठा-उठाकर जमीन पर पटका, जिससे बच्ची का हाथ टूट गया, इतने पर भी मन नहीं भरा तो महिला ने बच्ची के निजी अंग में लकड़ी डाल दिया। जिससे बच्ची की हालत गंभीर हो गयी। यह देख महिला उसका इलाज कराने आर्मी अस्पताल पहुँची तो उसकी पोल खुल गयी। बाद में आर्मी अस्पताल के स्टाफकी मदद से महिला को पकड़कर कैंट पुलिस को सौंप दिया। वहीं बच्ची की हालत देखकर आर्मी अस्पताल ने उसके इलाज का जिम्मा उठाया है। आर्मी अस्पताल के सीईओ का कहना है कि बच्ची के इलाज में आने वाले पूरे खर्च को आर्मी अस्पताल वहन करेगा और महिला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। बताया जा रहा है कि यहां धूमनगंज थाना क्षेत्र के प्रीतम नगर मुहल्ले में रहने वाले अरूण कुमार सिन्हा की पत्नी अंजना सिन्हा ने दिल्ली के एक अनाथालय से एक बच्ची को गोद लिया था। बच्ची के जन्म लेते ही उसकी मां की मौत हो चुकी तो उसके पिता ने उसे लावारिस हालत में छोड़ दिया था। इसके बाद बच्ची को अनाथालय में दाखिल कराया गया था। गोद लेने बाद से ही बच्ची को महिला बुरी तरह से टॉर्चर करती थी। बच्ची अंजना को मामी कहती थी। बताया जा रहा है कि शनिवार को बच्ची की बुरी तरह से पिटाई करने के बाद महिला ने बच्ची के प्राइवेट पार्ट में लकड़ी डाल दिया जिससे बच्ची लहूलुहान हो गई। उसे उठाकर कई बार जमीन पर पटक दिया।

## युवती को बहला-फुसलाकर भगाने वाला युवक गुजरात से गिरफ्तार

संवाददाता, प्रयागराज। जनपद के थाना फूलपुर पुलिस द्वारा थाना फूलपुर में पंजीकृत मु.अ.सं. 722023 धारा 366 भा.द.सं.से सम्बन्धित अभियुक्त फरहान पुत्र शमसाद निवासी मोहल्ला जमीलाबाद फूलपुर को 16 मार्च को म.नं. 2-3-753 जिन्दातिलिस्मथ नगर अम्बरपेट हैदराबाद से गिरफ्तार किया गया। साथ ही सम्बन्धित अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। मामले के अनुसार 2 मार्च को अभियुक्तगण मो.फरहान पुत्र मो.सद्दन और मो.सद्दन पुत्र अज्ञात निवासीगण मोहल्ला-जमीलाबाद, कस्बा थाना फूलपुर, जनपद प्रयागराज द्वारा एक युवती को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसके सम्बन्ध में थाना फूलपुर में प्राप्त तहरीर के आधार पर मु.अ.सं.-722023 धारा-366 भा.द.सं.पंजीकृत किया गया था। वहीं झूंसी में सम्बन्धित 03 अभियुक्तों अनिल पुत्र रमेश उर्फननकऊ निवासी नीबी थाना झूंसी जनपद प्रयागराज, फूला देवी पत्नी मनोज निवासी नीबी थाना झूंसी जनपद प्रयागराज व और सुधा पुत्री मनोज बेतवाल निवासी नीबी थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को थाना झूंसी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर बधवां ताहिरपुर चौराहा थाना क्षेत्र झूंसी से गिरफ्तार कर लिया गया। साथ ही अपहृता को सकुशल बरामद किया गया।

## यू पीएचसी में विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ

संवाददाता, शुक्लागंज,उन्नाव। राजधानी मार्ग के ऋषि नगर स्थित न्यू पीएचसी में एक विशाल मानसिक स्वास्थ्य शिविर एवं संगोष्ठी का अयोजन किया गया। संगोष्ठी में मानसिक दिवंगता के कारण, बचाव, एवं उपचार के बारे मे चर्चा हुई। शिविर में मानसिक रोगियों के परीक्षण एवं उपचार, मानसिक दिवायंग प्रमाण पत्र, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर की निशुल्क जांच, तंबाकू से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में जानकारी, सेवाए उपलब्ध कराई गई। शिविर में आए 83 मरीजों में 27 मरीज मानसिक रोग से पीड़ित पाए गए, 56 मरीजों का ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर की जांच की गई। सभी को मानसिक स्वास्थ्य के प्रति एवम तंबाकू से होने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में जागरूक किया गया।

## शासन द्वारा बिजली हड़ताली कर्मचारियों पर मुकदमा लगाना अनुचित : अशफाक अहमद

संवाददाता



प्रयागराज। एआईसीसी सदस्य अशफाक अहमद ने कहा कि उत्तर प्रदेश बिजली कर्मचारियों द्वारा अपने हितों की लड़ाई लड़ने के लिए हड़ताल पर जाने पर उत्तर प्रदेश शासन के द्वारा हर जिलों में मुकदमा दर्ज कराना अनुचित है। इस बिजली संकट से प्रदेश की जनता का जीवन अस्त व्यस्त हो रहा है। व्यापार में बड़ा नुकसान हो रहा है उस पर सरकार का कोई ध्यान नही है। मै मुख्यमंत्री से मांग करता हूं कि प्रदेश की जनता के हित में प्रदेश सरकार तत्काल हड़ताल समाप्त कराये तथा कर्मचारी नेताओं पर दर्ज मुकदमे वापस लिए जाएं।

CMYK

## कहां तक पहुंच सकते है सोने के दाम

एजेंसी, साल 2022 सोने के लिए फिका ही रहा। नतीजतन गोल्ड इन्वेस्टर्स के लिए भी बिता वर्ष निराशाजनक रहा। इसका कारण है मार्च 2022 से पूरे वर्ष सोने की दरों में मंदी का असर। हालांकि, पिछले कुछ महीनों में, इसकी कीमतों में तेजी आई है और जानकारों की मानें तो साल 2023 सोने की कीमतों में तेजी दिखा रहें है। सोने के बाजार लगातार ऊंची मुद्रास्फीति और केंद्रीय बैंकों - विशेष रूप से यूएस फेडरल रिजर्व (फेड) - के विपरीत प्रभावों से प्रेरित रहते हैं। 2 फरवरी को 1,959.10 डॉलर के शिखर पर पहुंचने के बाद 8 मार्च तक सोने की कीमतें 1,823.90 डॉलर पर वापस आ गईं, जो अप्रैल 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। 2023 के लिए अस्थिर आर्थिक परिदृश्य के बीच 2023 की शुरुआत के बाद से कीमती धातु गिर गई है। ऐसे में आम उपभोक्ता और इन्वेस्टर्स के लिए सोने की दरें 2023 में कहां तक जा सकती हैं, यह जानना और समझना जरुरी है। साल 2022 में बाजार में निवेशकों की भागीदारी में निश्चित तौर पर सुधार देखा गया है और ऐसा ही सोने और चांदी के बाजार को लेकर भी देखा गया है। हालांकि रूस-यूक्रेन युद्ध के चलते महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ी हैं और चीन में कोविड के केस फिर से बढ़ने के कारण भी आशंकाएं बढ़ गई हैं। बाजार के ऊपर इसका असर आएगा और इस बोझ को लेकर निवेशक अगले साल प्रवेश करेंगे। इसके अलावा अगले साल बाजार के पार्टिसिपेंट्स (भागीदार) केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति के नजरिए के ऊपर फोकस करेंगे। डॉलर इंडेक्स और बॉन्ड यील्ड की हलचलों पर भी निवेशक ध्यान देंगे। गोल्डध्सिल्वर अनुपात में हाल के समय में 97 के बजाए 75 तक की गिरावट देखी गई है जो सिल्वर की तेजी के सहारे आई है। चांदी के लिए कहा जा सकता है कि ग्रीन टेक्नोलॉजी और औद्योगिक मांग ज्यादा होने के कारण चांदी की कीमतों में तेजी जारी रह सकती है। रिर्पोट के अनुसार 2023 में आगे सोने की कीमतों में तेजी की उम्मीद की जा सकती हैं।

# विदेशों में नरमी से खाद्यतेलों की कीमतों में गिरावट




एजेंसी, विदेशी बाजारों में खाद्यतेलों का दाम में भारी नरमी आने से दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में लगभग सभी खाद्यतेल तिलहनों में चौतरफा गिरावट रही। इस गिरावट के कारण सरसों, मूंगफली, सोयाबीन तेल तिलहन, बिनौला तेल जैसे देशी तेल तिलहन के साथ साथ कच्चा पामतेल (सीपीओ) और पामोलीन जैसे आयातित तेल नुकसान के साथ बंद हुए। मलेशिया एक्सचेंज और शिकागो एक्सचेंज में गिरावट रहने के कारण यहां का तेल कारोबार प्रभावित हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि लगभग तीन महीने पहले सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का दाम 1,450 डॉलर प्रति टन था जो अब घटकर सोयाबीन का 1,130 डॉलर और सूरजमुखी तेल का 1,140 डॉलर प्रति टन रह गया है। देश में 31 मार्च तक शुल्क मुक्त आयात कोटा के तहत सूरजमुखी और सोयाबीन तेल का लगभग 10 लाख टन का आयात होना बाकी है जिसमें सूरजमुखी का लगभग सात लाख टन और सोयाबीन का लगभग तीन लाख टन का आयात होने की संभावना है। तीन महीने में इन तेलों के दाम करीब 25 रुपये किलो घटे हैं। इसके उलट सीपीओ का दाम लगभग तीन महीने पहले लगभग 1,000 डॉलर प्रति टन था जो अब बढ़कर 1,015 डॉलर हो गया है। सूरजमुखी तेल का बंदरगाह पर जो आयात हो रहा उसका भाव 86 रुपये लीटर पड़ता है और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के हिसाब से स्थानीय पेराई मिलों को देशी सूरजमुखी की पेराई करने में करीब 50 रुपये लीटर का नुकसान है यानी एमएसपी के हिसाब से स्थानीय सूरजमुखी तेल, पेराई के बाद, आयातित सूरजमुखी तेल से लगभग 50 रुपये लीटर महंगा यानी 135 रुपये लीटर बैठता है। दूसरी ओर खुदरा बाजार में आयातित सूरजमुखी तेल एमएसपी से 20-30 रुपये लीटर महंगा यानी 155-165 रुपये लीटर के भाव बिक रहा है। सूत्रों ने कहा कि साल्वेंट एक्स्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) का मानना है कि सरसों की बाजार में खपत सुनिश्चित करने के लिए सीपीओ पर आयात शुल्क को मौजूदा 5.50 प्रतिशत से बढ़ाकर 27.50 प्रतिशत कर देना चाहिये लेकिन एसईए आयातित सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के बारे में कुछ नहीं बोल रहा है जो दो नरम तेल (सॉफ्ट आयल) हमारे देशी तेल तिलहनों पर सीधा असर डालते हैं और जिनके भाव बेहद टूटे होने के कारण सरसों के अलावा बाकी देशी तेल तिलहन का बाजार में खपना दूभर हो गया है। पाम एवं पामोलीन तेल ज्यादातर कम आयवर्ग के लोग या छोटे रेस्तरां, होटल और खोमचे वाले उपयोग में लाते हैं और इनका देशी तेल तिलहनों पर कोई खास असर नहीं होता। सूरजमुखी और सोयाबीन तेल के दाम पिछले तीन महीनों में लगभग 300 डॉलर घटे हैं जबकि सीपीओ का दाम पिछले तीन महीनों में लगभग 10-15 डॉलर बढ़ा है। सूत्रों ने कहा कि बाजार में सरसों की आवक बढ़ रही है लेकिन उस हिसाब से लिवाल कम हैं। सहकारी संस्था, नाफेड की सरसों की खरीद करने से कोई फर्क नहीं पड़ने की संभावना है। देशी तेल तिलहनों को खपाने के लिए बाजार का वातावरण बनाने की जरुरत है और इस दिशा में सबसे पहले सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर आयात शुल्क को अधिक से अधिक सीमा तक बढ़ाना होगा। सूत्रों ने कहा कि बिनौला जैसे देशी तेल के दाम टूटने से वायदा कारोबार में बिनौला तेल खली के भाव में लगभग एक प्रतिशत की तेजी आई है। बिनौला से हमें सबसे अधिक खल की प्राप्ति होती है और जिसके सस्ता होने से दूध के दाम भी सस्ता हो सकते हैं। तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे - सरसों तिलहन - 5,200-5,250 (42 प्रतिशत कंडीशन का भाव) रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली - 6,765-6,825 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,580 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली रिफाइंड तेल 2,540-2,805 रुपये प्रति टिन। सरसों तेल दादरी- 10,850 रुपये प्रति क्विंटल। सरसों पक्की घानी- 1,735-1,765 रुपये प्रति टिन। सरसों कच्ची घानी- 1,695-1,825 रुपये प्रति टिन। तिल तेल मिल डिलिवरी - 18,900-21,000 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 11,200 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 11,100 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 9,550 रुपये प्रति क्विंटल। सीपीओ एक्स-कांडला- 8,700 रुपये प्रति क्विंटल। बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 9,500 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 10,250 रुपये प्रति क्विंटल। पामोलिन एक्स-कांडला- 9,250 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल। सोयाबीन दाना - 5,160-5,310 रुपये प्रति क्विंटल। सोयाबीन लूज- 4,920-4,970 रुपये प्रति क्विंटल। मक्का खल (सरिस्का)- 4,010 रुपये प्रति क्विंटल।

# गेहूं की फसल पर उच्च तापमान के प्रभाव के बारे में कहना जल्दबाजी होगी : तोमर



एजेंसी, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने मंगलवार को कहा कि उच्च तापमान का गेहूं की फसल पर अब तक कोई प्रभाव नहीं देखा गया है। संभावित प्रभाव के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में कटाई शुरू होने के दौरान क्या गेहूं की फसल पर कोई प्रतिकूल प्रभाव देखा गया है, इस पर तोमर ने कहा, ''कृषि के सामने मौसम संबंधी चुनौतियां हमेशा रहती हैं।'' उन्होंने संवाददाताओं से कहा, ''लेकिन मैं समझता हूं कि अभी कोई स्थिति नहीं है। कोई प्रभाव पड़ा है, ऐसा कहना जलदबाजी होगी। तोमर यहां 'प्लांट बेस्ड फूड इंडस्ट्रीएसोसिएशन' (पीबीएफआईए) के एक कार्यक्रम के दौरान अलग से बातचीत में यह बात कही। गेहूं एक प्रमुख रबी (सर्दियों में बोई जाने वाली) फसल है। सरकार ने 20 फरवरी को तापमान में असामान्य वृद्धि और गेहूं की फसल पर इसके प्रभाव से उत्पन्न स्थिति की निगरानी के लिए एक समिति का गठन किया और फसल को बचाने के लिए कृषक समुदाय को आवश्यक सलाह भी जारी की। समिति बनाने का निर्णय देश के कुछ हिस्सों में तापमान सामान्य से अधिक रहने के कारण लिया गया। फसल वर्ष 2021-22 (जुलाई-जून) में भारत का गेहूं उत्पादन पिछले वर्ष के 10 करोड़ 95.9 लाख टन से घटकर 10 करोड़ 77.4 लाख टन रह गया, जिसका कारण कुछ प्रमुख उत्पादक राज्यों में गर्मी की लू का चलना था। घरेलू उत्पादन में मामूली गिरावट और केंद्रीय पूल के लिए एफसीआई की खरीद में तेज गिरावट के बाद केंद्र ने पिछले साल मई में बढ़ती कीमतों को नियंत्रित करने के लिए गेहूं के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था। सरकार ने कृषि मंत्रालय के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार 2022-23 फसल वर्ष में रिकॉर्ड 11 करोड़ 21.8 लाख टन गेहूं उत्पादन का अनुमान लगाया है। इस महीने की शुरुआत में, खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने कहा था, अगले दो हफ्तों में गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाने वाली कोई लू चलने की आशंका नहीं है, जो अनाज के गठन की एक महत्वपूर्ण अवधि है। भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई) के निदेशक ए के सिंह ने पिछले महीने कहा था कि 35 डिग्री सेल्सियस से कम तापमान गेहूं की फसल के लिए चिंता का विषय नहीं है।

# 10 साल पुराना हो गया है आधार कार्ड फ्री में अपडेट करें




एजेंसी, मेरा आधार, मेरी पहचान आधार कार्ड का यह टैगलाईन खुद ही अपनी महत्व को दर्शाती है। आज के समय में आधार कार्ड लोगों की पहचान का सबसे बड़ा जरिया बन चुका है। आज छोटे से बड़े कोई भी काम हो वहां आधार कार्ड की जरुरत पड़ती है। आधार सिर्फहमारी पहचान का जरूरी दस्तावेज ही नहीं है, बल्कि इसके बिना कोई भी वित्तीय काम करना मुश्किल है। इसकी उपयोगिता को देखते हुए इसका अपडेट होना अपने आप में ही अनिवार्य हो जाता है। अपने ट्वीट के जरिए आधार कार्ड से जुड़ी एक महत्वपूर्ण जानकारी सांझा किया है। यूनिक आईडेंटिफिकेशन अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया बिना शुल्क के 14 जून 2023 तक आधार अपडेट कराने की सुविधा दी है। आधार एनरोलमेंट एंड अपडेट रेगुलेशन, 2016 के अनुसार निवासी आधार के लिए नामांकन की तारीख से प्रत्येक 10 वर्ष पूरे होने पर आधार में अपने सहायक दस्तावेजों को कम से कम एक बार पहचान का प्रमाण (पीओआई) प्रस्तुत करके अपडेट कर सकते हैं। अपने ट्वीट में बताया है कि आधार डॉक्यूमेंट्स को अपडेट करने के लिए अब कार्ड धारकों को कोई शुल्क नहीं देना होगा। ये फ्री सेवा 15 मार्च से लेकर 14 जून 2023 तक जारी रहेगी। अर्थॉरिटी की ओर से भी कार्डधारकों को लगातार अलर्ट किया जा रहा है। अब इस काम में तेजी लाने के मद्देनजर सेवाओं को मुफ्त कर दिया गया है।

## देश का निर्यात फरवरी में 8.8 प्रतिशत घटकर 33.88 अरब डॉलर पर

एजेंसी, नयी दिल्ली । देश का निर्यात फरवरी में 8.8 प्रतिशत घटकर 33.8 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल इसी महीने में 37.15 अरब डॉलर था। वाणिज्य मंत्रालय के बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। देश के निर्यात में लगातार तीसरे महीने गिरावट हुई है। समीक्षाधीन अवधि में आयात भी 8.21 प्रतिशत घटकर 51.31 अरब डॉलर रह गया, जो पिछले साल इसी महीने में 55.9 अरब डॉलर था। फरवरी में देश का व्यापार घाटा 17.43 अरब डॉलर रहा था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान देश का कुल वस्तु निर्यात 7.5 प्रतिशत बढ़कर 405.94 अरब डॉलर रहा। इस दौरान आयात 18.82 प्रतिशत बढ़कर 653.47 अरब डॉलर हो गया।

## अर्बन लैडर मार्च 2024 तक खुदरा स्टोर की संख्या बढ़ाकर दोगुनी करेगी

एजेंसी, नयी दिल्ली । गृह साज सज्जा की वस्तुओं एवं फर्नीचर की कंपनी अर्बन लैडर की योजना मार्च 2024 तक अपने स्टोर की संख्या बढ़ाकर दोगुनी करने की है। बुधवार को अपने 50वें स्टोर के खुलने के अवसर पर कंपनी ने यह बताया। अर्बन लैडर ने हाल में एक स्टोर कोलकाता में खोला है। जून 2022 तक वह केवल 13 स्टोर का परिचालन कर रही थी लेकिन बीते नौ महीनों में उसने अपनी ऑफलाइन मौजूदगी तेजी से बढ़ाई है। कंपनी ने एक बयान में कहा, ''हम 2023 में अपने खुदरा स्टोर का विस्तार देश के 32 शहरों तक करना चाहते हैं। मार्च 2024 तक स्टोर की संख्या को दोगुनी करने का लक्ष्य है। कंपनी की शुरुआत ऑनलाइन ब्रांड के तौर पर हुई थी और वह ई-वाणिज्य क्षेत्र में भी अपनी मौजूदगी को और मजबूत करना जारी रखेगी। अर्बन लैडर के मुख्य व्यवसाय अधिकारी निशांत गुप्ता ने कहा कि विभिन्न महानगरों समेत अन्य बाजारों में अपने ग्राहकों तक पहुंचने के लिए कंपनी विस्तार योजना पर काम कर रही है। अर्बन लैडर होम डेकोर सॉल्यूशंस में 40,000 से अधिक उत्पाद और 300 से अधिक ब्रांड हैं। यह कंपनी देश के 83 से ज्यादा शहरों में सेवाएं देती है।

## सुजुकी मोटरसाइकिल ने स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के साथ किया करार

एजेंसी, नयी दिल्ली । दोपहिया वाहनों की विनिर्माता कंपनी सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने वाहनों और कलपुर्जों के लिए अपने डीलर साझेदारों को थोक वित्तपोषण मुहैया करवाने की खातिर स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक के साथ हाथ मिलाए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इस पहल से देशभर में कंपनी के डीलर साझेदारों को समर्थन मिलेगा और वे अपने कारोबार एवं परिचालनों का विस्तार कर पाएंगे। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष (बिक्री, विपणन एवं ब्रिकी बाद) देवाशीष हांडा ने कहा, ''एक जिम्मेदार कंपनी होने के नाते हम अपने डीलर साझेदारों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिससे कि वे अपनी आर्थिक जरूरतों को पूरा कर सकें। स्टैंडर्ड चार्टर्ड बैंक में क्षेत्रीय प्रमुख (वैश्विक अनुषंगी, भारत एवं दक्षिण एशिया) चंदनदीप कौर ने कहा कि बैंक भारत में व्यवसायों को आवश्यक वित्तीय साधन उपलब्ध करवाकर कारोबारों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया चार पैसे चढ़कर 82.33 पर पहुंचा

एजेंसी, मुंबई । अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और घरेलू शेयर बाजार में तेजी के बीच रुपया बुधवार को शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले चार पैसे चढ़कर 82.33 पर पहुंच गया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 82.32 पर मजबूत खुला, फिर कुछ बढ़त के साथ 82.30 के स्तर पर आ गया। कुछ देर बाद रुपया फिसलकर 82.33 पर आ गया जो पिछले बंद भाव के मुकाबले चार पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया मंगलवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 82.37 के स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.10 फीसदी गिरकर 103.49 पर पहुंच गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 1.21 प्रतिशत बढ़कर 78.39 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर था। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक मंगलवार को शुद्ध बिकवाल रहे और उन्होंने इस दिन 3,086.96 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

## चीन-रूस और ईरान करेंगे ओमान की खाड़ी में संयुक्त नौसैनिक अभ्यास

एजेंसी, बीजिंग। चीन, ईरान और रूस के नौसैनिक बल इस सप्ताह ओमान की खाड़ी में संयुक्त अभ्यास करेंगे। चीन के रक्षा मंत्रालय ने यह घोषणा की। चीन, ईरान और रूस के साथ अमेरिका की तनातनी जगजाहिर है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अन्य देश की नौसेनाएं भी इस संयुक्त अभ्यास में हिस्सा लेंगी। हालांकि, उन्होंने कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी। ईरान, पाकिस्तान, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की सीमाएं रणनीतिक लिहाज से अहम फारस की खाड़ी के मुहाने पर स्थित ओमान की खाड़ी से मिलती हैं। चीन के रक्षा मंत्रालय ने कहा, यह अभ्यास भागीदार देशों की नौसेनाओं के बीच व्यावहारिक सहयोग को गहरा करने में मदद करेगा... और क्षेत्रीय शांति एव्वं स्थिरता के लिहाज से सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगा। यह नौसैनिक अभ्यास यूक्रेन युद्ध को लेकर रूस की आलोचना करने से बीजिंग के इनकार करने सहित विभिन्न मुद्दों पर अमेरिका और चीन के बीच बढ़ते तनाव के बीच आयोजित किया जा रहा है।

# युद्ध के मैदान जैसा मंजर, इमरान खान को पकड़ने के लिए पुलिस टीम की मदद करने पहुंचे पाक रेंजर्स

## यदि इमरान अदालत में समर्पण करते हैं तो गिरफ्तारी रोक दी जाएगी : पाकिस्तान जज



एजेंसी, इस्लामाबाद। भ्रष्टाचार के आरोपों में अदालत में पेश होने में नाकाम रहे पाकिस्तान के अपदस्थ प्रधानमंत्री इमरान खान को गिरफ्तार करने के ताजा प्रयास के तहत यहां जमान पार्क स्थित खान के अवास के बाहर पुलिसकर्मियों के साथ अब पंजाब रेंजर्स की टुकड़ी भी शामिल हो गई है। अपने नेता को गिरफ्तार करने से रोकने के दौरान खान के समर्थकों और पुलिस के बीच हुई झड़प के बाद लाहौर के जमान पार्क इलाके में किसी युद्ध के मैदान जैसा मंजर है, जहां सड़कों पर आंसू गैस के गोले, जले हुए टायर और वाहन का मलबा बिखरा पड़ा नजर आ रहा है। इस झड़प में दर्जनों पुलिसकर्मी घायल हुए हैं। इस हाई प्रोफाइल इलाके में स्थित अपने आवास में बुधवार को खान नजरबंद रहे, वहीं सरकार ने पुलिसकर्मियों की मदद के लिए रेंजर्स को भेजा है क्योंकि खान को गिरफ्तार करने आई पुलिस की टीम पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के कार्यकर्ताओं के साथ झड़प के बाद उन्हें पकड़ने के लिए मशक्कत करती दिखी। पीटीआई कार्यकर्ता और पुलिस के बीच मंगलवार को लाहौर के जमान पार्क इलाके में झड़प हुई। तोशाखाना मामले में गैर-जमानती वारंट जारी होने के बाद इस्लामाबाद पुलिस बख्तरबंद वाहनों के साथ पीटीआई प्रमुख खान को लाहौर स्थित उनके घर से गिरफ्तार करने के लिए पहुंची थी। खान (70) पर प्रधानमंत्री रहने के दौरान मिले उपहारों को तोशाखाना से कम दाम पर खरीदने और मुनाफे के लिए बेचने के आरोप हैं। उन्होंने बुधवार को ट्वीट किया, 'साफ्तौर पर 'गिरफ्तारी का दावा महज नाटक है, क्योंकि असली मंशा तो अपहरण और हत्या करने की है। आंसू गैस और पानी की बौछारों के बाद उन्होंने गोलियां चलाईं। मैंने पिछली शाम एक मुचलके पर दस्तखत किया, लेकिन पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) ने इसे मानने से इनकार कर दिया। उनकी मंशा दुर्भावना भरी है, इसमें कोई संदेह नहीं है। तोशाखाना मामले में खान की गिरफ्तारी के अदालती आदेश के अनुपालन के लिए उनके आवास पहुंची पुलिस ने वहां जमा प्रदर्शनकारियों को पीछे खदेड़ा। हालात बिगड़ने का अंदेशा होने पर खान सहित पीटीआई के विभिन्न नेताओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं से जमान पार्क में जुटने की अपील की, जहां उन्होंने मानव ढाल का काम किया और खान के आवास और पुलिस के बीच खड़े हो गए। पुलिस कर्मियों ने आंसू गैस के गोले छोड़े, लेकिन उन्हें प्रतिरोध का सामना करना पड़ा और पीटीआई कार्यकर्ता वहीं डटे रहे। खान ने ट्वीट किया, 'कल सुबह से हमारे कार्यकर्ताओं और नेतृत्व को आंसू गैस, रासायनिक पानी की बौछारों, रबर की गोलियों और पुलिस की गोलियों के हमले का सामना करना पड़ रहा है। अब यहां 'रेंजर्स हैं और उनके साथ लोगों का सीधा टकराव होगा। उन्होंने कहा, 'तटस्थ होने का दावा करने वाले प्रशासन से मेरा सवाल है कि क्या यही आपकी तटस्थता है कि रेंजर्स का सीधे-सीधे निहत्थे प्रदर्शनकारियों और सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के नेतृत्व से सामना हो रहा है, क्योंकि उनके नेता के खिलाफ एक अवैध वारंट जारी किया गया है और मामला पहले से ही अदालत में है। बदमाशों की यह सरकार उनके नेता का अपहरण और संभवत: उनकी हत्या करने की कोशिश कर रही है? 'बीबीसी उर्दू के साथ एक साक्षात्कार में खान ने कहा कि ऐसा लगता है कि सैन्य प्रतिष्ठान द्वारा पीएमएल-एन के सर्वोच्च नेता नवाज शरीफ से किए गए कथित वादे पूरे किया जा रहा है। उन्होंने कहा, 'मुझे समझ नहीं आ रहा है कि प्रतिष्ठान और सेना प्रमुख पीडीएम सरकार का समर्थन क्यों कर रहे हैं, जबकि यह सरकारी संस्थान (सेना) की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा रहा है। खान ने कहा कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन सरकार प्रतिष्ठान की बैसाखियों के बिना एक दिन भी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा, 'सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर से संपर्क करने का कोई प्रयास नहीं किया गया है। इस बीच, झड़प में कई पुलिस कर्मियों और पीटीआई कार्यकर्ताओं के घायल होने की खबर है।पाकिस्तान की एक जिला अदालत के न्यायाधीश ने बृहस्पतिवार को कहा कि यदि इमरान खान अदालत में आत्मसमर्पण कर देते हैं तो वह इस्लामाबाद पुलिस को भ्रष्टाचार के मामले में पूर्व प्रधानमंत्री को गिरफ्तार करने से रोक देंगे। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जफर इकबाल ने पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसी) के मामले की सुनवाई के दौरान यह बात कही। इस मामले में तोशाखाना सौगातों का ब्योरा छिपाने को लेकर पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफपार्टी के प्रमुख इमरान खान के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही चलाने की दरख्वास्त की गयी है। न्यायाधीश इकबाल ने 70 वर्षीय खान के खिलाफ 28 फरवरी को गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था और इस्लामाबाद पुलिस को उन्हें अदालत में लाने का निर्देश दिया था।

# संकटग्रस्त श्रीलंका में सरकारी कर्मचारियों ने आयकर और बिजली शुल्क में वृद्धि खिलाफ की हड़ताल



एजेंसी, कोलंबो। श्रीलंका के स्वास्थ्य, रेलवे, बंदरगाह और अन्य सरकारी विभागों के कर्मचारी आयकर और बिजली शुल्क में वृद्धि के विरोध में बुधवार को एक दिवसीय हड़ताल पर हैं। द्वीप राष्ट्र को अपनी संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था की मदद के वास्ते अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से 2.9 अरब डॉलर के राहत पैकेज की मंजूरी का इंतजार है। देश भर के अधिकतर सरकारी अस्पतालों ने अपने बाह्य रोगी विभाग की सेवाओं को निलंबित कर दिया है, क्योंकि चिकित्सक, नर्स और अन्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं। रेलवे ने भी कम ट्रेनों का संचालन किया। सशस्त्र सैनिक किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए स्टेशनों की सुरक्षा में तैनात नजर आए। श्रमिक संघों का कहना है कि देश के अभी तक के सबसे खराब आर्थिक संकट से उत्पन्न कठिनाइयों के बीच करों और बिजली शुल्क में वृद्धि ने उनकी परेशानियां और बढ़ा दी हैं। उन्होंने आगाह किया कि सरकार के उनकी मांगों पर गौर नहीं करने पर वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। वहीं सरकार का कहना है कि वह राजस्व बढ़ाने के लिए करों में वृद्धि करने के साथ ही बिजली महंगी करने को मजबूर है। कर्ज में डूबे श्रीलंका ने आईएमएफ द्वारा बताए गए कर सुधारों के तौर पर कर और जन उपयोगी सेवाओं की दर बढ़ाने जैसे कदम उठाए हैं, जिससे जनता पर बोझ बढ़ गया है। आईएमएफ की प्रबंध निदेशक क्रिस्टलीना जॉर्जीवा ने पिछले हफ्ते कहा था कि बोर्ड 20 मार्च को बैठक करेगा, जिसमें चीन द्वारा महत्वपूर्ण ऋण पुनर्गठन आश्वासन दिए जाने के बाद श्रीलंका के राहत पैकेज की अंतिम मंजूरी पर विचार किया जाएगा।

# यूक्रेन युद्ध के बाद पहली सीधी अमेरिका-रूस मुठभेड़, रूसी जेट ने काला सागर के ऊपर अमेरिकी जासूसी ड्रोन गिराया



एजेंसी, वाशिंगटन/कीव अमेरिकी सेना ने कहा कि एक रूसी लड़ाकू विमान ने उसके एक जासूसी ड्रोन को गिरा दिया है। ड्रोन क्रैश का यह मामला काला सागर में हुआ। यूक्रेन संघर्ष के बाद दोनों शक्तियों के बीच इस तरह की पहली सीधी मुठभेड़ हुई। रूसी रक्षा मंत्रालय ने इस संबंध में अपनी अलग बात रखरी है। वाशिंगटन में मास्को के राजदूत ने कहा कि उनके देश ने यूएस एमक्यू -9 ड्रोन और रूसी एसयू -27 लड़ाकू जेट से जुड़ी घटना को उकसाने के तौर पर लिया है। संयुक्त राज्य अमेरिका इस क्षेत्र में नियमित निगरानी उड़ानें संचालित करता है और दसियों अरब डॉलर की सैन्य सहायता के साथ यूक्रेन का सहयोग किया है, हालांकि वह सीधे युद्ध में शामिल नहीं हुआ है। इस बीच, यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने कहा कि सैन्य कमांडर सर्वसम्मति से बखमुत के बर्बाद शहर सहित पूर्वी सीमा रेखा की रक्षा के पक्ष में थे, जो महीनों से रूस द्वारा घेरे में है। यूक्रेनी उप रक्षा मंत्री हन्ना माल्यार ने कहा कि रूस पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पूरी सीमा पर आक्रामक था, बखमुत के उत्तर में क्रेमिना, बिलोहोरिवका और स्प्रिन के आसपास भी लड़ाई चल रही थी। बखमुत की रक्षा महत्वपूर्ण थी क्योंकि भारी तबाही हो रही है ... बड़ी संख्या में सैनिक मारे जा रहे हैं और आज तक, दुश्मन की आगे बढ़ने की क्षमता कम हो रही है। संयुक्त राष्ट्र और तुर्की ने कहा कि कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चों पर, यूक्रेन के काला सागर बंदरगाहों से अनाज लदान की अनुमति देने के लिए बातचीत जारी है, जो इस सप्ताह समाप्त होने वाली है। कीव सरकार ने 60 दिनों के नवीनीकरण के लिए रूसी धक्का को खारिज कर दिया, पिछले नवीनीकरण की आधी अवधि। इस बीच, अमेरिकी सेना ने कहा कि लगभग 30 से 40 मिनट के बाद, सुबह 7.03 बजे जेट में से एक ड्रोन से टकरा गया, जिससे यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों का कहना है कि रूस विजय का एक अकारण युद्ध छेड़ रहा है जिसने यूक्रेनी शहरों को नष्ट कर दिया है, हजारों लोगों को मार डाला है और लाखों लोगों को अपने घरों से भागने पर मजबूर कर दिया है।

CMYK

# उर्फ नायरा हुई किडनी संक्रमण का शिकार



ये रिश्ता क्या कहलाता है की अभिनेत्री शिवांगी जोशी उर्फ नायरा ने अपने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा किया जिसमें उन्होंने कुछ दिनों से गुर्दे के संक्रमण के कारण अस्पताल में भर्ती होने का खुलासा किया। उन्होंने अस्पताल के बिस्तर से एक तस्वीर साझा की और अपने दोस्तों और प्रशंसकों से अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर अपनी एक तस्वीर भी साझा की, जिसमें वह थम्स अप देती नजर आ रही हैं, जो इस बात का संकेत है कि वह ठीक हो रही हैं। शिवांगी ने लिखा–हाय सब लोग, कुछ दिन खराब रहे, मुझे किडनी का संक्रमण हो गया है, लेकिन मैं आपको बताना चाहती हूं कि मेरे परिवार, दोस्तों, डॉक्टरों, अस्पताल के कर्मचारियों और भगवान की कृपा से, मैं बेहतर महसूस कर रही हूं। यह आपको याद दिलाने के लिए भी है कि आपको अपने शरीर, मन और आत्मा का ख्याल रखना होगा और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि लड़कों को हाइड्रेटेड रहना है। आप सभी को प्यार, और मैं बहुत जल्द काम पर वापस आऊंगी। स्वास्थ्य लाभ और उपचार के लिए ढेर सारा प्यार शिवांगी शिवांगी के पोस्ट के तुरंत बाद, उनके दोस्तों और प्रशंसकों ने उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। श्रद्धा आर्या ने लिखा, ओह नो। जल्दी ठीक हो जाओ राजकुमारी! वास्तव में! आपको ढेर सारा प्यार ।ष् श्वेता तिवारी ने टिप्पणी की, जल्दी ठीक हो जाओ मेरी प्यारी...धीरज धूपर ने टिप्पणी की अरे ध्यान रखना और जल्दी ठीक हो जाओ.. तुम्हें बहुत सारा प्यार और देखभाल भेज रहा हूंष्, रुबीना दिलैक ने लिखा ष् तेजी से ठीक हो जाओ। प्रीत कमानी, चेतना पांडे, श्रेनु पारिख और अन्य ने भी उनकी पोस्ट पर टिप्पणी की। पेशेवर मोर्चे पर कहा जाता है कि शिवांगी एकता कपूर के आगामी शो ब्यूटी एंड बीस्ट में दोहरी भूमिका निभा रही हैं। बीटी के अनुसार शिवांगी एक महत्वपूर्ण किरदार निभाएंगी और शो में एक विशेष उपस्थिति दर्ज करेंगी।

››› बॉलीवुड ‹‹‹

# अपने पूरे परिवार संग अफ्रीका वेकेशन पर मौज करते नजर आए करीना-सैफ तस्वीरो में जमकर दिखाया स्वेगी लुक



करीना कपूर खान और सैफ अली खान बॉलीवुड के उन कपल की लिस्ट में आते हैं जिनका स्वेग से लेकर रोमांटिक अंदाज तक हर एक चीज बॉलीवुड में काफी फे मस हैं कोई भी पार्टी हो, या हो कोई वकेशंस ये कपल हमेशा एक कपल गोल तो क्रीएट करता नजर आता ही हैं। ऐसे ही फिर एक बार ये दोनों अपनी फै मिली के साथ चिल करने के लिए अफ्रीका वकेशंस पर पहुंचे हैं।अपने दोनों बेटों तैमूर और जेह के साथ अफ्रीका में वेकेशन मना रहे करीना-सैफ इस वेकेशन को काफी एन्जॉय करते दिखे। वहीं बेबो अपने इस ट्रिप की तस्वीरें फै ंस के लिए लगातार सोशल मीडिया पर शेयर कर रही हैं। जिन तस्वीरों को देखने के बाद साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि कपल अपने बच्चों संग जमकर छुट्टियों का मजा उठा रहा है। वहीं एक बार फिर सीधे अफ्रीका से करीना एंड फै मिली की कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं जो काफी मजेदार दिखाई पड़ी। एक फैन पेज ने सैफ अली खान और करीना कपूर खान की अफ्रीका से नई तस्वीरें शेयर की हैं जिन्हे देख फैंस जमकर उनपर कमैंट्स करते दिखाई दे रहे हैं। सामने आई फोटोज में कपल अपने दोनों बेटों के साथ नजर आ रहा है। पहली तस्वीर में सैफ अली खान को अपने बड़े बेटे तैमूर अली खान के साथ पोज देते हुए देखा जा सकता हैं। तो वही इस तस्वीर में सैफ ने व्हाइट शर्ट के साथ डार्क ब्लू कलर की पैंट पहने हुए है। ब्लैक सन ग्लासेस और व्हाइट शूज के साथ सैफ फुल ऑन डैपर लग रहे हैं। वहीं छोटे नवाब तैमूर जीप पर अपने चुलबुले अंदाज में रेड टी-शर्ट और ब्लू पैंट पहने स्टाइल में पोज दे रहे हैं। तस्वीरों के अगले से ट में सैफ अली खान और करीना कपूर खान को जीप में बैठे हुए देखा जा सकता है एकदम स्वेगी कपल की तरहा। तो वही एक और तस्वीर में बेबो पायलट के साथ पोज देती हुई नजर आ रही हैं। बात करे करीना कपूर खान के वर्क फ्रंट की तो एक्ट्रेस ने हाल ही में हंसल मेहता की फिल्म की शूटिंग पूरी की हैं। इस फिल्म की शूटिंग यूके में हुई थी। इसके अलावा बेबो की किटी में रिया कपूर के डायरेक्शन में बन रही फिल्म 'द क्रू' भी नजर आने वाली है। इस फिल्म में बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन, दिलजीत दोसांझ और तब्बू भी अहम रोल प्ले करते नजर आएंगे। इनके अलावा करीना के पास सुजी घोष की थ्रिलर फिल्म भी है जिसमें विजय वर्मा और जयदीप अहलावत भी अहम रोल प्ले करेंगे। वहीं सैफ अली खान की बात करे तो लास्ट रिलीज फिल्म विक्रम वेधा में सैफ को आखिरी बार देखा गया था। इस फिल्म में उन्होंने ऋतिक रोशन के साथ स्क्रीन शेयर की थी। सैफ की मोस्ट अवेटेड पैन-इंडिया प्रोजेक्ट 'आदिपुरुष' भी रिलीज के लिए अब तैयार हो चुकी है। इस फिल्म में सैफ ने प्रभास, कृति सनोन और सनी सिंह के साथ स्क्रीन शेयर करते दिखाई दिए हैं।








# सैम बहादुर की रैप-अप पार्टी में अपने ग्लैमर का जलवा बिखेरती नजर आई 'दंगल गर्ल्स', कूल लुक में दिखे फील्ड मार्शल



बॉलीवुड में कई मूवीज आयी और जाती देखने को मिलती हैं तो वही कुछ फिल्मे अपने बेहतरीन अभिनय प्रदर्शन के चलते दर्शको के दिल पर इस कदर छा जाती हैं कि बॉक्स ऑफिस पर उनका कलेक्शन थामे नहीं थमता हैं। ऐसे ही बॉलीवुड में उनकी पार्टीज भी उतनी ही फे मस होती हैं। हाल ही में, मुंबई में 'सैम बहादुर' की रैप-अप पार्टी रखी गई, जहां फिल्म के स्टार कास्ट विक्की कौशल, फातिमा सना शैख और सान्या मल्होत्रा पहुंचे और सबका ध्यान अपनी ओर खींचते नजर आये। बी-टाउन की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'सैम बहादुर' जल्द ही सिनेमाघरों में अपना धमाल मचाने को तैयार हो चुकी है। जिसमे खुशखबरी देते हुए आपको बता दे कि फिल्म की शूटिंग भी पूरी हो चुकी है और बीती रात इसकी रैप-अप पार्टी भी रखी गई थी। फिल्म की रैप-अप पार्टी में डायरेक्टर-राइटर मेघना गुलजार, रॉनी स्क्रूवाला, विक्की कौशल, फातिमा सना शैख और सान्या मल्होत्रा दिखाई दिए जिन्होंने पैपराजी को जमकर अपनी टीम के साथ पोज दिए। 'छपाक', 'राजी' जैसी बेहतरीन फिल्मो से बॉलीवुड को सराहने वाली निर्देशक मेघना गुलजार का अब अगला प्रोजेक्ट 'सैम बहादुर' होने वाला हैं। ग्रीन कलर के कुर्ते में नजर आईं मेघना ने भी पैपराजी को अपने सिंपल लुक्स में कई पोज दिए। उनके साथ रॉनी स्क्रूवाला भी पैपराजी को पोज देते दिखाई दिए। पार्टी में मूवी की मेन एक्ट्रेस फातिमा सना शैख ने ग्रे-ब्लैक शाइनी स्ट्रैपलेस बॉडीकॉन ड्रेस में पहुंच कर सबको अपने हुस्न के जलवे दिखाये इस ड्रेस में एक्ट्रेस काफी ग्लैमरस लग रही थी। उन्होंने हूप्स और खुले बालों से अपने लुक को पूरा किया हुआ था साथ ही कम मेकअप में भी उनका ग्लैम ऑन पॉइंट था इस ड्रेस के साथ उन्होंने एक ट्रांसपेरेंट हील्स को पहना हुआ था जो उनके लुक को कम्प्लीट कर रही थी। वही अब बात करे मूवी की दूसरी मेन अदाकारा सान्या मल्होत्रा की तो उन्होंने भी इस पार्टी में व्हाइट कलर की ऑफ शोल्डर ड्रेस पहने हुए देखा गया। इस ड्रेस में सान्या का लुक इतना एलिगेंट दिख रहा था की सबका ध्यान उनकी ओर से हट ही नहीं सका। अपने घुंघराले बालों को उन्होंने पोनीटेल में बांध लिया था। न्यूड मेकअप में भी वह कमाल की लग रही थीं साथ ही क्रीम कलर की ट्रांसपेरेंट हील्स उनके लुक को एक बेहतरीन टच दे रही थी। अब हम बात करे मूवी के बहादुर एक्टर विक्की कौशल की तो उन्होंने इस रैप अप पार्टी में बेहद ही कूल लुक में देखा गया। उन्होंने डेनिम जींस के साथ ब्लैक हुडी, कैप और व्हाइट स्नीकर्स पहने हुए थे जिसमे वह काफी हैंडसम लग रहे थे। बता दें कि, 'सैम बहादुर' इसी साल 1 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने को उतरेगी। फिल्म में विक्की कौशल भारत के पहले फील्ड मार्शल रहे आर्मी चीफ सैम मानकशॉ का किरदार निभा रहे हैं।





››› बॉलीवुड ‹‹‹

# करियर को छोड़ कर थामा इस्लाम का दामन, शादी के तीन साल बाद सना खान हुई गर्भवती

बॉलीवुड एक्ट्रेस सना खान जो पिछले काफी समय से सिनेमा से दूर हैं। उन्होंने अपनी शादी के बाद इस्लाम के लिए अभिनय को छोड़ दिया। अब तीन साल बाद उन्होंने अपनी मां बनने की घोषणा की हैं। सना खान ने घोषणा की कि वह अपने पति अनस सय्यद के साथ गर्भवती हैं। अभिनेत्री 34 साल की हैं और शादी के तीन साल बाद उनका पहला बच्चा होने जा रहा है। इकरा टीवी चौनल को दिए एक इंटरव्यू के दौरान जल्द ही बनने वाले माता-पिता ने खुशखबरी साझा की। अनस सय्यद ने यह भी खुलासा किया कि उनका बच्चा जून के अंत में होने वाला है और वे इसका स्वागत करने के लिए खुश और उत्साहित हैं। सना खान ने कहा, मैं इसका इंतजार कर रही हूं। उन्होंने कहा कि यह पूरी तरह से एक अलग यात्रा है और वह उत्साहित है। वह भी भावुक हो गई और कहा कि वह अपने बच्चे को गोद में लेने के लिए इंतजार नहीं कर सकती। कुछ दिनों पहले सना और अनस ने इंस्टाग्राम पर उमराह ऑफर किया था और तस्वीरें भी शेयर की थीं। अभिनेत्री ने तब एक विशेष घोषणा के बारे में संकेत दिया था और कहा था, अल्हम्दुलिल्लाह बहुत खुश... यह उमरा किसी कारण से बहुत खास है जिसे इन शा अल्लाह मैं जल्द ही सभी के साथ साझा करूंगी... अल्लाह इसे आसान बनाए। सना खान ने 2020 में मुफ्ती अनस सैय्यद से शादी की, जिससे उनके प्रशंसकों को झटका लगा क्योंकि उन्होंने सिनेमा की दुनिया छोड़ दी। सना ने अपने करियर की शुरुआत साल 2005 में एडल्ट फिल्म ये है हाई सोसाइटी से की थी। इसके बाद वह कई टीवी विज्ञापनों में नजर आईं। सना ने सिर्फ हिंदी ही नहीं बल्कि तमिल, तेलुगू, मलयालम और हिंदी फिल्मों में भी काफी काम किया है। हालांकि, सना सलमान खान के रियलिटी शो बिग बॉस 6 में अपनी उपस्थिति से प्रसिद्ध हुईं। बाद में उन्होंने सलमान खान के साथ उनकी फिल्म जय हो में भी काम किया। वह आखिरी बार स्पेशल ऑप्स के सीजन 1 में नजर आई थीं।



स्टार एक्सप्रेस स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक नरेन्द्र कुमार द्वारा सांई ऑफसेट प्रिन्टर्स, 40 वासुदेव भवन, कैसरबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं एमजी-18, सेक्टर-सी, अलीगंज, लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक: नरेन्द्र कुमार । (पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. No.- UPHIN/2008/24076 Email Id : starexpressnews@gmail.com